
# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्षः 13 | अंकः 178 | गौतमबुद्धनगर, सोमवार 27 मई 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रूपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236



P- 3
1550 में से 1300 बिल्डरों ने नहीं माना





P- 4
भाजपा कर रही है सुप्रीम कोर्ट की अवमानना, कोर्ट ले स्वत : संज्ञान :





P- 5
हमास की अल कसम बिग्रेड ने इजरायली सैनिकों के छक्के छुड़ा दिए







P- 6
दमखम और कौशल पर काम कर रही है मुक्केबाज नीतू, लॉस एंजिलिस




## हैप्पी मॉर्निंग

पत्नी (सहेली से)– तुम्हारी दिल्ली की यात्रा कैसी रही? सहेली– अरे क्या बताऊं यार? रास्ते में मेरे पति पानी लेने उतरे औरज्गाड़ी चलने लगी और वह स्टेशन पर ही रह गए पत्नी (सहेली से)– तुम्हारी पीड़ा में समझ सकती हूं तुम्हें इस लंबे सफर में प्यासा ही रहना पड़ा



## शायरी


हादसे के बाद भी इंसानियत जिंदा है,
मुंह की खाकर वज़ीर बड़ा शर्मिंदा है।

## अर्थसार

संसेक्स:
75,410.39
-7.65 (0.010%)
निफ्टी:
22,957.10
-10.55



## मौसम



अधिकतम : 46 डिग्री से0
न्यूनतम : 30 डिग्री से
सूयोदय मंगलवार : 5 : 41
सूर्यास्त सोमवार : 7 : 20

# दस के साल बाद फिर से कोलकाता नाइट राइडर्स ने जीता आईपीएल का खिताब

**एजेंसी**

चेन्नई। गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद वेंकटेश अय्यर नाबाद (52) और रहमानउल्लाह गुरबाज (39) रनों की तूफानी पारियों के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स ने रविवार को एकतरफा अंदाज में सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया।

केकेआर ने 10 इंतजार के बाद एक बार फिर से आईपीएल की ट्रॉफी पर कब्जा किया। आईपीएल में कोलकाता चार बार फाइनल में पहुंची है और तीन बार उन्हें जीत हासिल हुई है।

114 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और दूसरे ही ओवर में सुनील नारायण (6) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। उसइके बाद रहमानउल्लाह गुरबाज और वेंकटेश अय्यर ने पारी को संभाला। वेंकटेश ने 28 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद (52) रनों की पारी खेली।

जीत के करीब नौवें ओवर में रहमानउल्लाह गुरबाज 32 गेंदों में 39 रन बनाकर आउट हुये। कप्तान श्रेयस अय्यर छह रन बनाकर नाबाद रहे। कोलकाता ने 10.3 ओवर में दो विकेट पर 114 रन बनाकर खिताबी मुकाबला जीत लिया।

सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से पैट कमिंस और शाहबाज अहमद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।


इससे पहले आज यहां सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में अभिषेक शर्मा (2) का विकेट गवां दिया। अभिषेक को मिचेल स्टार्क ने बोल्ड आउट किया।

अगले ही ओवर में वैभव आरोड़ा ने ट्रैविस हेड (शून्य) को भी पवेलियन भेज दिया। पांचवें ओवर में राहुल त्रिपाठी (9) भी मिचेल का शिकार बन गये।

एडन मारक्रम और नितीश कुमार रेड्डी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। कोलकाता के गेंदबाजों के आगे हैदराबाद का कोई भी बल्लेबाज नहीं टिक सका और एक के बाद एक खिलाड़ी आउट होते गये। सातवें ओवर में हर्षित राणा ने नितीश कुमार रेड्डी (13) को आउट कर दिया। उसके बाद 11वें ओवर में हर्षित ने एडन मारक्रम (16) को बोल्ड आउट किया। शाहबाज़ अहमद (8), अब्दुल समद (4), जयदेव उनादकट (4) रन बनाकर आउट हुये।

कप्तान पैट कमिंस 18 गेंदों में सर्वाधिक 24 रनों की पारी खेली। हैदराबाद की टीम 18.3 ओवर में 113 रन पर सिमट गई।

कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से आंद्र रसल को तीन विकेट मिले। मिचेल स्टार्क और हर्षित राणा ने दो-दो विकेट लिये। वैभव अरोड़ा, सुनील नारायण और वरूण चक्रवर्ती ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।




# शाहजहांपुर में बस पर डंपर पलटा, 12 की मौत

## ढाबे पर रुकी थी, तभी डंपर ने टक्कर मारी; बस सीतापुर से पूर्णागिरी जा रही थी

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर में भीषण सड़क हादसे में बस सवार 12 यात्रियों की मौत हो गई। हादसा तब हुआ जब बस ढाबे पर खड़ी थी। पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मारी और बस पर पलट गया। हादसे में 10 यात्री घायल भी हैं। बस सवार यूपी के सीतापुर से उत्तराखंड में मां पूर्णागिरी मंदिर जा रहे थे। करीब 80 लोग सवार थे। हादसे के वक्त ज्यादातर यात्री बस के नीचे उतरे हुए थे। कुछ अंदर सो रहे थे। डंपर में गिट्टी लदी थी, टक्कर के बाद बस में गिट्टी भर गई। अंदर लोग फंस गए। हादसा शनिवार रात 11 बजे के करीब हुआ। आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। यात्रियों को बाहर निकालने की कोशिश कर रहे थे तभी पुलिस भी पहुंची। यात्री अंदर इस कदर फंसे हुए थे कि निकालना मुश्किल हो रहा था। कोई डंपर के नीचे तो कोई बस की सीट में फंसा हुआ था।



हादसा देखकर पुलिस ने और फोर्स बुलाई। तुरंत क्रेन और जेसीबी को मंगवाया गया। तब जाकर डंपर और बस को अलग किया गया। करीब 5 घंटे तक चले रेस्क्यू में बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया।

### हादसे में इन लोगों की गई जान

पुलिस के मुताबिक-हादसे में मरने वालों की पहचान सुमन देवी (36), अजीत (15), आदित्य (8), रामगोपाल (48), रोहिणी (20), प्रमोद (30), छुटकी (50), शिवशंकर (48), सीमा (30), सुधांशु (7), सोनवति (45), बिंद्रा (50) के रूप में हुई है।

वहीं, लल्लू (60), महारानी (36), रितिक (7), अवंतिका (10), कैलाश (48), विकास (13), रामदास (37), बालकृष्ण (30), हिमांशु (14), बिट्टो (25), मिस्त्री (7) घायल हुए हैं। सभी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

## सेना के जवानों ने दिखाई सतर्कता, तीन आईईडी डिफ्यूज

इंफाल। मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले में सड़क पर बिछाए गए तीन इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) को सेना के जवानों की सतर्कता से रविवार को डिफ्यूज कर दिया गया। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल अमित शुक्ला ने कहा कि सेना के जवानों ने इंफाल पूर्वी जिले में निगरानी अभियान के दौरान मफौ बांध के पास नोंगदम तांगखुल और एथम तांगखुल गांवों को जोड़ने वाली सड़क पर तीन आईईडी को देखा। सेना ने विस्फोट से पहले समय रहते विस्फोटक डिवाइस का पता लगा लिया। सेना ने क्षेत्र की घेराबंदी कर दी। इसके बाद बम निरोधक दस्ता वहां पहुंचा और आइईडी को डिफ्यूज कर दिया। मणिपुर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान चलाया है। सख्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं। वाहनों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा काफिले उपलब्ध कराए गए हैं। पुलिस ने राज्य के विभिन्न जिलों में कानून के उल्लंघन के सिलसिले में शनिवार को 132 लोगों को हिरासत में लिया।

# तेलंगाना सरकार का बड़ा ऐक्शन; तंबाकू, गुटखा और पान मसाला पर लगा बैन

तेलंगाना सरकार ने राज्य में तंबाकू और निकोटीन युक्त गुटखा व पान मसाला पर प्रतिबंध लगा दिया है। ऐसे उत्पादों के निर्माण, भंडारण, वितरण और बिक्री पर रोक होगी। यह पाबंदी 24 मई, 2024 से एक साल के लिए लगाई गई है। राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि यह प्रतिबंध सार्वजनिक स्वास्थ्य को देखते हुए लिया गया है। खाद्य सुरक्षा आयुक्त की ओर से जारी आदेश के अनुसार, निषेध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत इसे लागू किया जाएगा।आदेश में कहा गया, तेलंगाना सरकार गुटखा/पान मसाला के निर्माण, भंडारण, वितरण, परिवहन और बिक्री पर पाबंदी लगाती है। ये वे प्रोडक्ट हैं जिनमें तंबाकू और निकोटीन होता है और जो पाउच/पैकेज/कंटेनर आदि में पैक किए जाते हैं। इसे अलग-अलग जगहों पर विभिन्ना नामों से बुलाया जाता है।

यह प्रतिबंध 24 मई, 2024 से एक साल की अवधि के लिए पूरे तेलंगाना में लागू होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, गुटका और पान मसाला के सेवन से स्वास्थ्य समस्याओं का गंभीर जोखिम रहता है।

इसे देखते हुए ही यह कदम उठाया गया है। इनसे मुंह के कैंसर, सबम्यूकस फाइब्रोसिस और दूसरी स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा रहता है।

### तेलंगाना में भ्रामक दावे वाली दवाइयां जब्त

दूसरी ओर, तेलंगाना के औषधि नियंत्रण प्रशासन के अधिकारियों ने बाजार में कुछ दवाओं का पता लगाया है, जिनके लेबल पर दावे किए गए हैं कि वे गुर्दे की पथरी और गठिया का इलाज करती हैं। ये दावे ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज अधिनियम, 1954 का उल्लंघन करते हैं। यह अधिनियम विशिष्ट रोगों और विकारों के उपचार के लिए कतिपय औषधों के विज्ञापन पर प्रतिबंध लगाता है।

## दो झुग्गियों में जा घुसी बस, चार मजदूरों की मौत

पणजी। दक्षिण गोवा में एक बस सड़क किनारे दो झुग्गियों में जा घुसी। जिस वजह से 4 मजदूरों की मौत हो गई और 5 घायल हो गए। गोवा की पुलिस ने इस घटना की जानकारी दी है। पुलिस ने आगे घटना की जानकारी देते हुए बताया, ये घटना सुबह 11: 30 बजे हुई।

जब सड़क निर्माण कार्य में लगे मजदूर झुग्गियों में सो रहे थे। पुलिस उपाधीक्षक का नाम संतोष देसाई बताया जा रहा है। ये पास के कार्टोलिम गांव का निवासी है, अब आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। इस घटना के बाद आरोपी का मेडिकल टेस्ट कराया गया,जिससे पता चला कि वह बस चलाते समय नशे में था।

साथ ही इस मामले और एक और हैरान करने वाली बात सामने आई है, बताया जा रहा है, जब ये घटना हुई तो बस ड्राइवर ने वहां मौजूद मजदूरों से मामला को गुप्त रखने को कहा। ड्राइवर ने मजूदरों को डराते हुए कहा, अगर इस घटना के बारे में किसी ने किसी से भी शिकायत की तो उसे जान से मार दिया जाएगा।

# पटना में गंगा में डूबने से 4 भाइयों की मौत

**एजेंसी**

पटना। पटना में रविवार की देर शाम एक ही परिवार के चार बच्चों की गंगा में डूबने से मौत हो गई। चारों बच्चे नहाने करने गए थे। इसी दौरान हादसा हुआ। घटना बाढ़ के एनटीपीसी थाना क्षेत्र के सहनौरा गंगा घाट की है।

घंटों मशक्कत के बाद गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है कि समस्तीपुर निवासी रवि कुमार (20) अपने ननिहाल सहनौरा गांव आया था। रविवार की शाम ममेरे भाइयों के साथ रवि गंगा नदी में नहाने गया था। इसी दौरान सभी बच्चे पानी के तेज बहाव में बह गए।

मृतक की पहचान रवि कुमार(20), आदित्य कुमार(14), सुदर्शन कुमार(13) और अनुज कुमार(14) के रूप में हुई है। मौत की खबर सुनते ही पूरे परिवार के बीच कोहराम मच गया। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। एनटीपीसी थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेजा गया है।

# दिल्ली के चाइल्ड हॉस्पिटल में आग, 6 नवजात की मौत

## अस्पताल का मालिक गिरफ्तार; आरोप- बिल्डिंग में अवैध ऑक्सीजन की रीफिलिंग होती थी

नई दिल्ली। दिल्ली के विवेक विहार स्थित एक चाइल्ड हॉस्पिटल में शनिवार 25 मई की देर रात आग लग गई। हादसे में 6 नवजात की मौत हो गई। 5 का रेस्क्यू किया गया है। दो मंजिला बिल्डिंग के फर्स्ट फ्लोर पर न्यू बॉर्न बेबी केयर सेंटर था। इसमें कुल 12 बच्चे भर्ती थे। दिल्ली फायर सर्विस चीफ अतुल गर्ग ने बताया कि अभी आग लगने के कारणों का पता नहीं चला है। हालांकि शुरुआती जांच में ऑक्सीजन सिलेंडर ब्लास्ट को कारण बताया जा रहा है। बेबी केयर सेंटर के नीचे ग्राउंड फ्लोर पर अवैध ऑक्सीजन सिलेंडर रीफिलिंग का काम चल रहा था। दिल्ली पुलिस ने



चाइल्ड हॉस्पिटल के मालिक नवीन खिची के खिलाफ आईपीसी की धारा 336 (दूसरों की निजी सुरक्षा को खतरे में डालना), 304 (लापरवाही से मौत) और 34 (आपराधिक गतिविधि) के तहत स्नढ्डक्रदर्ज की है। वह पश्चिम विहार का रहने वाला है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना के बाद से वह फरार था। शहादरा के डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि घटना के वक्त अस्पताल में जिस डॉक्टर आकाश की ड्यूटी लगी थी, उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया है। अस्पताल ने पांच नियम तोड़े थे, लिहाजा एफआईआर में आईपीसी की धारा 304 और 308 भी जोड़ी गई हैं। उधर, दिल्ली सरकार ने आग लगने की घटना को लेकर मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं।

दमकल अधिकारी ने बताया कि उन्हें रात 11: 30 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर दमकल की कुल 16 गाड़ियां पहुंचीं। तब तक आग की लपटें ऊपर के फ्लोर और पास की दो बिल्डिंग्स में भी फैल चुकी थी। बेबी केयर सेंटर में ऊपर जाने के लिए बाहर की तरफ से लोहे की एकमात्र घुमावदार सीढ़ी है। उसमें भी आग लग गई थी। बेबी केयर सेंटर में भर्ती 12 बच्चों में से एक की मौत आग लगने से पहले ही हो चुकी थी। धुआं भरने के कारण अन्य 11 बच्चों की हालत गंभीर हो गई। दमकल की टीम और स्थानीय लोगों ने लकड़ी की सीढ़ियों पर चढ़कर खिड़की से अन्य 11 बच्चों को बाहर निकाला। तब तक दम घुटने से 6 बच्चों की मौत हो गई। इनके शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए जीटीबी अस्पताल भेजा गया है।

रेस्क्यू किए गए 5 बच्चों को एडवांस NIC अस्पताल में शिफ्ट किया गया है। चाइल्ड हॉस्पिटल के दोनों तरफ दो रेसिडेंशियल बिल्डिंग से 11-12 लोगों को बचाया गया।

**तापमान** — कई जिलों में पारा 55 डिग्री के पार, आईएमडी का अलर्ट जारी

# राजस्थान में कहीं बरस रही आग तो कहीं झमाझम बारिश

जयपुर। राजस्थान सूरज की तपिश से तप रहा है। सूरज की तपिश और गर्म हवा झुलसा रही है। राजस्थान में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के साथ उत्तर भारत के बड़े हिस्से में भीषण गर्मी पड़ रही है। पिछले 24 घंटे में फलौदी में तापमान 50 डिग्री दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार को कहा कि राजस्थान में भीषण गर्मी का प्रकोप अगले दो से तीन दिनों तक जारी रहेगा।

भीषण गर्मी के कारण प्रदेश में चार दिन में 24 लोगों की मौत हुई है। रविवार को प्रदेश में दो लोगों की मौत हुई है। इनमें एक जालौर और दूसरी नागौर जिले में हुई है। जैसलमेर से सटी भारत-पाकिस्तान सीमा पर तापमान 55 डिग्री सेल्सियस पार कर गया।

अंतरराष्ट्रीय सीमा पर लू इस कदर चल रही है कि तारबंदी पर लगे तापमान मापने के यंत्र की स्क्रीन भी काली हो गई और यंत्र ने काम करना बंद कर दिया। जैसलमेर जिले में 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

### दोपहर बाद दिखा बदला मौसम

प्रदेश के जोधपुर, चित्तौड़गढ़,पाली और उदयपुर जिलों में दोपहर बाद अचानक मौसम बदला ।इन जिलों के कई हिस्सों में तेज धूल



भरी आंधी चलने के साथ ही हल्की बारिश भी हुई । उदयपुर के ग्रामीण इलाकों में तेज धूलभरी आंधी चलने से पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए। चिकित्सा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि गर्मी के मौसम में अस्पतालों के आपातकालीन वार्डों में 82 हजार से अधिक मरीज पहुंचे हैं। इनमें से 2243 मरीज हीट स्ट्रोक के हैं।

### जैसलमेर में 48.0 डिग्री सेल्सियस

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, शनिवार को जैसलमेर में 48.0 डिग्री सेल्सियस, बीकानेर में 47.2 डिग्री सेल्सियस, चुरू में 47.0 डिग्री सेल्सियस, जोधपुर में 46.9 डिग्री सेल्सियस, गंगानगर में 46.5 डिग्री सेल्सियस, कोटा में 46.3 डिग्री सेल्सियस और जयपुर में 43.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

अंतरराष्ट्रीय सीमा पर चौकसी कर रहे सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने गाड़ी के बोनट पर रोटी सेकी । एक जवान ने आटा गाड़ी के बोनट पर रखा तो कुछ देर में रोटी सिक गई। यहां जवानों ने रेत में पापड़ सेकने के साथ ही अंडे का आमलेट भी बनाया। जवानों ने कच्चा पापड़ पापड़ रेत के अंदर दबा दिया जो कुछ देर में सिक गया।

एक जवान ने अंडा रेत में दबाया जो कुछ ही मिनट में उबल गया। रविवार को रोटी व पापड़ सेकने और अंडा उबलने के वीडियो सामने आए हैं।

# भारी बारिश और तेज हवाओं के साथ बंगाल से टकराया 'रेमल'

## सुरक्षित स्थानों पर पहुंचे 1 लाख लोग; एनडीआरएफ मुस्तैद

**एजेंसी**

चक्रवात रेमल पश्चिम बंगाल के तट से टकराना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग के मुताबिक, पूरी प्रक्रिया पांच से सात घंटे तक चलेगी।

इस दौरान 110 से 120 किमी प्रति घंटे की तीव्रता के साथ हवाएं चल रही थीं जो 135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार तक पहुंच गई।

मौसम विभाग के मुताबिक, चक्रवात के प्रभाव से पश्चिम बंगाल के दक्षिणी जिलों- उत्तर और दक्षिण 24 परगना, कोलकाता, पूर्वी मिदनापुर, हावड़ा, हुगली में भारी से बहुत भारी बारिश हो रही है। मौसम विभाग की तरफ से इन जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। अनुमान है कि चक्रवात के चलते 20 सेमी से अधिक बारिश होने की संभावना है। वहीं पश्चिम बंगाल के अन्य जिलों- पश्चिम मेदिनीपुर, नादिया, पूर्वी बर्दवान में ऑरेंज अलर्ट जारी। सोमवार को नदिया, मुर्शिदाबाद में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया कि भीषण चक्रवात रेमल के मद्देनजर एहतियाती कदम उठाते हुए पश्चिम बंगाल सरकार ने सुंदरबन और सागर द्वीप सहित तटीय क्षेत्रों से 1.10 लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है।

# संपादकीय

## मोदी सरकार के खिलाफ़



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

**वो दिन हवा हुए जब अंधों की सुनवाई थी, अब देखना है कि किसकी बारी आई है।**

नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने जब से सत्ता संभाली है, तब से कई मुद्दे उठे हैं जो सीधे तौर पर उनकी नीतियों और कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। यह संपादकीय सरकार की उन नीतियों और क्रियाकलापों का विश्लेषण करता है, जो देश के भविष्य को अंधकारमय बना रहे हैं।

### आर्थिक नीतियों का विफलता

मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों ने देश को एक गहरे संकट में धकेल दिया है। नोटबंदी और जीएसटी जैसी नीतियों ने छोटे और मझोले व्यवसायों को तबाह कर दिया। बेरोजगारी दर अपने उच्चतम स्तर पर है और सरकार इस मुद्दे पर आंख मूंदे बैठी है। आर्थिक सुधारों के नाम पर केवल आंकड़ों का खेल खेला जा रहा है, जबकि जमीन पर वास्तविकता कुछ और ही है।

### कृषि संकट

प्रधानमंत्री ने किसानों की आय को दोगुना करने का वादा किया था, लेकिन वास्तविकता यह है कि किसान आत्महत्या कर रहे हैं। कृषि कानूनों के विरोध में महीनों तक चले किसान आंदोलन ने सरकार की उदासीनता और अहंकार को उजागर किया। सरकार ने किसानों की समस्याओं को सुनने और समाधान निकालने की बजाय उन्हें आतंकवादी और आंदोलनजीवी कहकर बदनाम किया।

### लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमला

मोदी सरकार ने लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता पर प्रहार किया है। न्यायपालिका, चुनाव आयोग, और मीडिया की स्वायत्तता को लगातार कमजोर किया जा रहा है। विपक्षी नेताओं पर झूठे आरोप लगाकर उन्हें जेल में डालना और लोकतांत्रिक विरोध को दबाना सरकार का नया हथकंडा बन गया है।

### सामाजिक ध्रुवीकरण

सरकार की नीतियों ने समाज को विभाजित किया है। धार्मिक और सांप्रदायिक मुद्दों को उभारकर राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की जा रही है। देश में एकता और सद्भाव की जगह नफरत और विभाजन का माहौल पैदा किया जा रहा है।

### स्वास्थ्य और शिक्षा की अनदेखी

कोविड-19 महामारी ने सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं की कमजोरी को उजागर किया। ऑक्सीजन की कमी, बेड्स की कमी और टीकाकरण की धीमी गति ने लाखों जिंदगियों को खतरे में डाला। शिक्षा के क्षेत्र में भी सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाए, जिससे छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो गया है।

### निष्कर्ष

मोदी सरकार को यह समझना होगा कि जनता का धैर्य असीमित नहीं है। सत्ता के नशे में चूर होकर जनता की आवाज़ को अनसुना करना सरकार को महंगा पड़ सकता है। जनता की समस्याओं का समाधान किए बिना विकास का दावा करना महज एक धोखा है।

अब वक़्त आ गया है कि जनता जागे और अपनी आवाज़ बुलंद करे। यह सत्ता का खेल अब और नहीं चलेगा।

**जिन्होंने देश को जुमलों से चलाया,**
**वो अब जनता के गुस्से का शिकार होंगे।**

# भारतीय मुसलमानों के लिए अमेरिकी चिन्ता की खतरनाक वास्तविकता

**मनोज ज्वाला**

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा है कि हम दुनिया भर में सभी के धर्म या विश्वास की स्वतंत्रता के अधिकार के लिए सार्वभौमिक सम्मान को बढ़ावा देने और उसकी रक्षा के लिए गहराई से प्रतिबद्ध हैं।

खबर है कि रिलीजियस मजहबी स्वतंत्रता की स्वयंभूव ठेकेदार बनी अमेरिकी सरकार भारत में मुसलमानों की स्थिति पर बडी चिन्तित है। वह चिन्तित इसलिए नहीं है कि भारत में मुस्लिम आबादी सर्वाधिक 43 प्रतिशत की दर से बढ चुकी है और भारतीय मुसलमानों की विभिन्न जिहादी गतिविधियों से यहां के अनेक राज्यों में बहुसंख्यक हिन्दू समाज त्राहि-त्राहि कर रहा है; अपितु वह 'न्यूयॉर्क टाइम्स' नामक एक अमेरिकी अखबार की उस रिपोर्ट को ले कर चिन्तित है, जिसमें यह कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के बाद से भारत में 'धर्मनिरपेक्ष ढांचा और मजबूत लोकतंत्र कमजोर' हुआ है।

मालूम हो कि न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपने ही देश में अजनबी : मोदी के भारत में मुसलमान होना शीर्षक से एक रिपोर्ट प्रकाशित की है, जिसमें दावा किया गया है कि भारत में मुस्लिम समाज पीड़ा और अलगाव से जूझ रहा है। वे अपने बच्चों को ऐसे देश में पालने की कोशिश कर रहे हैं, जहां उनकी पहचान पर सवाल उठा रहा है। इस अखबारी समाचार बनाम दुष्प्रचार पर प्रतिक्रिया देते हुए अमेरिका ने कहा है कि वह इस मामले पर भारत सहित दुनिया भर के देशों के साथ बातचीत कर रहा है, क्योंकि वह धार्मिक स्वतंत्रता के लिए सार्वभौमिक सम्मान को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्ध है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा है कि हम दुनिया भर में सभी के धर्म या विश्वास की स्वतंत्रता के अधिकार के लिए सार्वभौमिक सम्मान को बढ़ावा देने और उसकी रक्षा के लिए गहराई से प्रतिबद्ध हैं।%% मिलर ने आगे यह भी कहा है कि हमने भारत समेत कई देशों के साथ धार्मिक समुदायों के लिए समान रिलीजियस व्यवहार के महत्व पर चर्चा की है।

यहां यह गौरतलब है कि 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की रिपोर्ट और उस पर अमेरिकी सरकार की प्रतिक्रिया ऐसे समय पर आई है, जब भारतीय मुसलमानों की आबादी में सर्वाधि 43त्न की असामान्य वृद्धि दर्ज की गई है और सारा मुस्लिम समाज एकजुट हो कर भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरुद्ध संसदीय चुनाव को प्रभावित करने के लिए 'वोटिंग जिहाद' का संगठित अभियान चला रहा है। इससे पहले यह मजहबी समाज देश के कई राज्यों में अपनी संगठित शक्ति के बुते शासन-प्रशासन पर काबिज हो कर वहां से धार्मिक समाज के लोगों (हिन्दुओं) को विस्थापित होने को बाध्य कर चुका है और फिलवक्त अनेक राज्यों की सियासत को अपने हिसाब से संचालित करने की हैसियत प्रदर्शित कर रहा है। इतना ही नहीं, वह भारतीय संविधान से इत्तर 'मुस्लिम पर्सनल लॉ' के सहारे विशेषाधिकारों की मलाई चाभ रहा है और 'मुस्लिम वक्फ बोर्ड' की लाठी से सरकारी-गैरसरकारी भू-खण्डों पर कब्जा करते हुए लाखों हेक्टेयर भूमि का स्वामित्व हासिल कर सेना व रेलवे के बाद सबसे बडा भू-स्वामी बना हुआ है। जगजाहिर है कि भारत में मुसलमानों की हालत व हैसियत जितनी अच्छी है, उतनी मुस्लिम देशों में भी नहीं है। जबकि पडोसी पाकिस्तान में हिन्दुओं की आबादी 90 प्रतिशत से भी ज्यादा घट गई है और वहां वे इस्लामिक स्टेट-संरक्षित उत्पीडन का इस कदर शिकार होते रहे हैं कि उनके मानवाधिकारों की रक्षा के लिए भारत सरकार को उन्हें भारतीय नागरिकता प्रदान करने का कानून बनाना पडा है।

बावजूद इसके, अमेरिकी मीडिया इण्डस्ट्री और फॉरेन मिनिस्ट्री को भारत में ही मुसलमान आपदग्रस्त दीख रहे हैं, तो यह उनका दृष्टि-दोष नहीं है, अपितु एक सुनियोजित षड्यंत्रकारी प्रपंच है, जिसके सूत्र-समीकरण उस अमेरिकी आयोग



(यूएससीआईआरएफ) के हाथों में हैं, जिसने अभी हाल ही में अपनी वार्षिक रिपोर्ट जारी कर भारत को 'धार्मिक स्वतंत्रता का हननकर्ता' बताते हुए विशेष चिन्ता वाले देशों की सूची में शामिल कर रखा है। यूएससीआईआरएफ के लगभग सभी सदस्य रिलीजियस विस्तारवादी चर्च मिशनरियों से सम्बद्ध है, जबकि इस आयोग का गठन ही अमेरिका ने वेटीकन-पोप के दबाव में 'इण्टरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम एक्ट' नामक कानून बना कर उसी के तहत कायम किया हुआ है।

देखने-सुनने में तो यह अधिनियम दुनिया के सभी राष्ट्रों के भीतर वहां के नागरिकों की धार्मिक स्वतंत्रता, अर्थात किसी भी रिलीजन-मजहब अथवा धर्म को अपनाने-मानने की स्वतंत्रता को संरक्षित करने के बावत इसकी वकालत करता है; किन्तु वास्तविक व्यवहार में यह 'धर्म (सनातन) त्यागने व रिलीजन-मजहब अपनाने' का मार्ग प्रशस्त करता है और इस हेतु चर्च-मिशनरी-संस्थाओं (एनजीओ) को सरंक्षित करता है। यही कारण है कि इस अमेरिकी अधिनियम के वैश्विक क्रियान्वयन की निगरानी करने वाला वह आयोग (यूएससीआईआरएफ) भारत में कायम धर्मान्तरण-रोधी कानूनों और विदेशी धन से संपोषित मिशनरी संस्थाओं को नियंत्रित करने वाले भारतीय कानूनों पर आपत्ति जताते रहता है, जैसा कि उसकी रिपोर्ट में कहा गया है कि- बीजेपी नेतृत्व वाली सरकार ने भेदभावपूर्ण राष्ट्रवादी नीतियों को मजबूत किया, घृणास्पद बयानबाजी को बढ़ावा दिया और सांप्रदायिक हिंसा को नियंत्रित करने में विफल रही, जिससे मुस्लिम, ईसाई, सिख, दलित, यहूदी और आदिवासी असमान रूप से प्रभावित हुए। गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए), विदेशी योगदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए), नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) एवं धर्मांतरण व गोहत्या विरोधी कानूनों के लगातार लागू होते रहने के कारण धार्मिक अल्पसंख्यकों और उनकी ओर से वकालत करने वालों को मनमाने ढंग से हिरासत में लिया गया, निगरानी की गई और निशाना बनाया गया।

मेरी एक पुस्तक- 'भारत के विरुद्ध पश्चिम के बौद्धिक षड्यंत्र' में अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम, अर्थात बे-रोक-टोक धर्मोन्मूलन व ईसाईकरण शीर्षक से एक अध्याय संकलित है, जिसमें अनेक प्रामाणिक तथ्यों से मैंने यह सिद्ध किया हुआ है कि यह अधिनियम वस्तुत: भारत राष्ट्र के विघटन व सनातन धर्म के उन्मूलन एवं हिन्दू-समाज के ईसाइकरण-इस्लामीकरण का मिशनरी हथकण्डा और लक्षित देशों के आन्तरिक मामलों में हस्तक्षेप का अमेरिकी फण्डा मात्र है। यह आयोग इस्लामी जेहाद का भी मौन समर्थन करता है, क्योंकि ईसाइयत और इस्लाम दोनों ही धर्म-विरोधी एवं पैगम्बरवादी होने के कारण परस्पर सहयोगी हैं और इन दोनों का विरोध केवल व केवल धर्म (सनातन) से, अर्थात धर्मधारी भारत राष्ट्र व हिन्दू समाज से है। इस अमेरिकी आयोग ने हिंदुओं के बलात यीसाइकरण व इस्लामीकरण पर कभी सवाल नहीं उठाया है; बल्कि धर्मोन्मूलन (धर्मान्तरण) विरोधी भारतीय कानूनों पर ही सदैव आपत्ति जताते रहा है, क्योंकि इन कानूनों से चर्च-मिशनरियों के विस्तारवादी अभियान में बाधायें उत्पन्न होती हैं।

मालूम हो कि अमेरिका ईसाइयों की सर्वोच्च नीति-नियामक सत्ता-वेटिकन सिटी से संचालित समस्त मिशनरी संस्थाओं का संरक्षक बना हुआ है और इन संस्थाओं के प्रतिनिधि अमेरिकी सरकार की वैदेशिक नीति विषयक मार्गदर्शक हुआ करते हैं। इसी दुरभिसंधि के तहत अमेरिका पूरी दुनिया भर में स्वतंत्रता-समानता-लोकतंत्र व मानवाधिकार की निगरानी-पहरेदारी करने वाला चौधरी बना हुआ है इस चौधराहट की आड में वेटिकन चर्च का एजेण्डा क्रियान्वित करते रहता है। 'टाईम' और 'न्यूयॉर्क टाइम्स' जैसे मीडिया संस्थान भी इस दुरभिसंधि के साझेदार हैं।

यही कारण है कि जिस प्रकार से यूएससीआईआरएफ को यह तथ्य व सत्य नहीं सूझता, उसी प्रकार से 'न्यूयॉर्क टाइम्स' को भी यह नहीं दिखता कि भारत-विभाजन के वक्त पाकिस्तान में तकरीबन ढाई करोड हिन्दू रह गए थे और लगभग उतने ही मुसलमान भारत में रह गये थे, किन्तु आज पाकिस्तान में शासन-संरक्षित मुस्लिम आतंक से पीडित-प्रताडित-धर्मांतरित-विस्थापित होते रहने के कारण हिन्दूओं की आबादी घट कर बीस लाख (दस प्रतिशत) से भी कम हो गई है, जबकि भारत में शासन से तुष्टिकृत-उपकृत होते रहने के कारण मुसलमानों की आबादी बढ कर पैंतीस करोड से भी ज्यादा हो गई है। यूएससीआईआरएफ और न्यूयॉर्क टाइम्स के कारिन्दे कश्मीर केरल कर्नाटक व बंगाल में व्याप्त मुस्लिम जिहादी आंतकी अभियान के प्रति आंखें बन्दे किये हुए रहते हैं, किन्तु असम व उतरप्रदेश जैसे राज्यों में उसका प्रतिकार होने पर भ्रामक रिपोर्ट जारी करने और अनर्गल दुष्प्रचार करने में जुट जाते हैं। फिर तो इन्हीं भ्रामक रिपोर्टों को आधार बना कर अमेरिकी सरकार भारत-विषयक अपनी वैदेशिक नीतियां तय करता है और भारत में जिहाद बरपा रहे मजहबी संगठनों के प्रति सहानुभूतिजनक चिन्ता जताते हुए उनके समर्थन-संरक्षण में परोक्ष रुप से खडा हो जाता है। अमेरिकी सरकार की ऐसी चिन्ता से खतरनाक हालातों का निर्माण होता है, क्योंकि उसके प्रभाव से मजहबी जिहादी संगठनों के विरुद्ध व्यापक जनमत निर्मित नहीं हो पाता है और कार्रवाई की धार भी कमजोर हो जाती है। ऐसे में भारत सरकार को चाहिए कि वह दुष्प्रचार करने वाले अमेरिकी आयोगों और मीडिया-संस्थानों को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर आईना दिखाने का काम तो करे ही।


# सत्ता की बहार के लिए बिहार में कशमकश

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बिहार में होने वाली चुनावी सभाओं पर गौर करें तो यहां उनके निशाने पर सीधे तौर पर राष्ट्रीय जनता दल और तेजस्वी यादव होते हैं। कांग्रेस और राहुल गांधी दूसरे नंबर पर होते हैं और यहां की जातिगत और परिवारवादी राजनीति तीसरे नंबर पर। तेजस्वी यादव को भी उन्होंने राहुल गांधी की तरह शहजादे का खिताब दे रखा है और इंडिया गठबंधन को भ्रष्टाचार, गुंडाराज और जातिगत जनगणना के सवाल पर बांटने वाला गठबंधन करार दिया है। उधर अपने चुनावी गणित और रणनीति की वजह से चर्चा में रहने वाले प्रशांत किशोर भी पांच दौर के चुनावों के बाद ये दावा करने से नहीं चूक रहे कि बिहार में अब भी मोदी या केन्द्र की सरकार को लेकर कोई गुस्सा नहीं है, मोदी लहर भले ही इस बार न हो लेकिन प्रशांत किशोर को इस बार भी मोदी सरकार बनती दिख रही है और खासकर बिहार में नीतीश कुमार के पलटू राम वाली छवि के बावजूद एनडीए को कोई खास नुकसान होता नहीं दिख रहा है। जबकि चुनाव विश्लेषक और किसी ज़माने में सटीक चुनावी भविष्यवाणियां करने वाले सैफोलॉजिस्ट योगेन्द्र यादव इस बार एनडीए को ढाई सौ के नीचे देख रहे हैं। सबके अपने-अपने चश्में हैं और अपना-अपना नज़रिया है जबकि असली फैसला खामोश वोटर यानी जनता को करना है।

लेकिन तमाम ज़मीनी सर्वे हवा का रुख कुछ और बताते हैं। इसकी बानगी तेजस्वी यादव और कांग्रेस की सभाओं में उमड़ती जबरदस्त भीड़ के तौर पर देखी जा सकती है। इंडिया गठबंधन जिन अंतर्विरोधों के बाद बना और आखिरी वक्त तक सीटों के बंटवारे को लेकर जो असमंजस रहा, उसे भाजपा और जेडीयू अपने पक्ष में मान रही है और अपनी चुनावी सभाओं में इसे लेकर अब तक गठबंधन पर सवाल उठाती है। भाजपा के 400 पार के दावे में बिहार की 40 सीटें भी शामिल हैं। 2019 में भाजपा ने यहां से जो 17 उम्मीदवार उतारे थे, वह सभी जीते थे जबकि जेडीयू के 17 में से 16 उम्मीदवार जीते थे। एनडीए के अन्य घटकों में लोक जनशक्ति पार्टी के भी सभी 6 उम्मीदवार जीत गए थे। पिछले आम चुनाव में यानी एनडीए को कुल 40 में से 39 सीटें मिली थीं जबकि एक सीट कांग्रेस ने जीती थी। सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या इस बार भाजपा अपनी सभी सीटें बचा पाएगी, क्या नीतीश की मौकापरस्ती जेडीयू को फिर से पिछली बार जितनी सीटें दिला पाएगी और क्या इस बार एनडीए 39 के आंकड़े तक पहुंच पाएगा? बिहार ऐसा राज्य है जिसमें सभी सात चरणों में चुनाव हो रहे हैं यानी 19 अप्रैल से शुरू होकर 1 जून तक लगातार। छठे दौर में 8 और आखिरी दौर में भी 8 सीटें बाकी हैं। नीतीश के पाला बदलने से भाजपा के दोबारा सरकार में आने के बाद पार्टी के पास सत्ता की ताकत भी है और मशीनरी भी, साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के दौरों से उम्मीदें भी। लेकिन आरजेडी की बढ़ती ताकत, कांग्रेस का पुनर्जीवन और राहुल गांधी की मेहनत ने इंडिया गठबंधन को काफी मजबूती के साथ जनता के सवालों से जोड़कर पेश किया है जिसका असर दिख रहा है। यहां जातिगत जनगणना का भी असर है और तेजस्वी के सरकार में रहते दस लाख नौकरी देने का रिकॉर्ड बनाने की मिसाल भी। दरअसल, बिहार की राजनीति लगातार कई उतार-चढ़ावों से होकर गुज़रती रही है। यहां वैचारिक और सैद्धांतिक राजनीति का बेशक एक दौर था, लेकिन करीब चार दशक से सारे समीकरण पूरी तरह सत्ता केन्द्रित और जाति आधारित होते गए। वर्ष 1974 के जेपी आंदोलन ने जिस नई राजनीति की नींव रखी थी और जिन मूल्यों और सिद्धांतों की बात होती थी, उसे सत्ता के खेल ने ध्वस्त कर दिया। मौजूदा राजनीति में शीर्ष पर बैठे तमाम नेता खुद को उस दौर के आंदोलनकारी बताते हैं।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3194




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुन: उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

### काकुरो - 3193 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

एक शराबखोर पति अपने क्लब की मीटिंग में गया हुआ था। आधी रात बितने के बाद घर पहुँचा तो पत्नी ने उसका आदर के साथ स्वागत किया। इससे पति खुश हो गया और बोला- पता है! आज क्लब में शराब की प्रतियोगिता हुई थी।

पत्नी- अच्छा तो पहले नंबर पर कौन रहा?

पति बोला- मेरे अलावा कौन जीत सकता था भला।

□ □ □

एक शादीशुदा शायर की मुलाकात अपनी पुरानी गर्लफ्रेंड से हुई। शायर ने कहा- मुलाहिजा फरमाएँ : ये चाँद तारे अब अच्छे नहीं लगते, रोज-रोज के बहाने अब अच्छे नहीं लगते। खुदा करे इस साल हो जाए आपकी शादी, क्योंकि अब आप कुँवारे अच्छे नहीं लगते।

गर्लफ्रेंड ने कहा- वाह वा..! वाह वा...! क्या आप करेंगे मुझसे शादी।

□ □ □

गीता अपनी सहेली सीता से बोली- पता है मेरे पति के अलावा आज तक किसी गैरपुरुष ने मुझे एक किस तक नहीं किया।

सीता- अरे वा! तो तुम खुद पर गर्व कर रही हो या अफसोस?

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3194



**बायें से दायें:-**

१. शाहरूख, जूही की 'चाँद तारे तोड़ लाऊँ' गीत वाली फिल्म-२,२
३. 'इस दीवाने लड़के' गीत वाली नसीर, आमिर, सोनाली की फिल्म-५
६. गोविंदा, नीलम की 'मैं तो हूँ सबका मेरा ना कोई' गीत वाली फिल्म-२
७. संजय कपूर, माधुरी की फिल्म-२
८. 'वाटर' के निर्देशिका कौन हैं-२
१०. अमिताभ, फरदीन खान, करीना कपूर की फिल्म-२
११. श्रेयस तलपदे, आयशा की 'ये हौसला कैसे झुके' गीत वाली फिल्म-२
१३. अनिल कपूर, श्रीदेवी की फिल्म-२
१४. प्रदीपकुमार, कल्पना की 'जिस दिल में बसा था प्यार' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'मुझे तेरे जैसी लड़की' गीत वाली डिनो मारिया, बिपाशा की फिल्म-२
१७. अमिताभ, अजय, ऐश्वर्या की 'दिल डूबा नीली' गीत वाली फिल्म-२
१९. फिल्म 'कुछ कुछ होता है' में काजोल के किरदार का नाम था-३
२०. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की फिल्म-४
२१. 'दुनिया ने सुन ली है चुपके से' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा की फिल्म-४
२२. जीतेंद्र, नीतूसिंह की 'कोई रोको ना दीवाने को' गीत वाली फिल्म-४
२५. अमिताभ, जया भादुड़ी की फिल्म-२
२६. राजेश खन्ना, मुमताज की 'गोरे रंग पे ना इतना गुमान' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'दिलवालों के दिल का' गीत वाली मनोज बाजपेयी, रवीना की फिल्म-२
३०. 'ऐ लो प्यार के दिन' गीत वाली सनी, सुनील, सेलिना की फिल्म-२
३१. संजय, कुमार गौरव, पूनम 'अमीरों की शाम गरीबों' गीतवाली फिल्म-२
३२. 'फिर से आये बदरा' गीत वाली संजीव, शर्मिला, वहीदा की फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. दिलीपकुमार, मीनाकुमारी की फिल्म-३
२. 'मैं शायर तो नही' गीत वाली फिल्म-२
३. 'तू मेरे पास भी' गीत वाली डी. चक्रवर्ती, मनोज बाजपेयी, उर्मिला की फिल्म-२
४. अमिताभ बच्चन, संजीव कुमार, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
५. अरविंद स्वामी, मधु की फिल्म-२
६. 'तेरी गलियों में ना' गीत वाली फिल्म-३
९. राजेंद्र कुमार, वहीदा रहमान की फिल्म-३
११. राजेश खन्ना, बबीता की 'दांतों तले दबा कर होंठ' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'अंबर हमारा रास्ता' गीत वाली अरूण, रघुवरन, बेबी शामली, श्रुति की फिल्म-३
१५. कमल हासन, शाहरूख, रानी की 'चाहे पंडित हो' गीत वाली फिल्म-१,२
१६. 'मेरे संग संग आया' गीत वाली धर्मेन्द्र, राजेश खन्ना, विनोद, हेमा की फिल्म-४
१७. शॉवरअली, ब्रजेश हीरजी, जूही, शिल्पा की 'मेरा मन भँवरा' गीत वाली फिल्म-३
१८. प्रेमनाथ, बीना राय की फिल्म-३
२०. राजेश, फिरोजखान, शार्मिला की 'जीवन से भरी तेरी आँखें' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'सुबह सुबह जब' गीत वाली फिल्म-२
२४. शशिकपूर, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२,२
२५. 'सावन का महीना पवन करे' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'मुझ से दोस्ती करोगे' में करीना कपूर के किरदार का नाम क्या था-२
२९. 'तेरी याद बिछा के सोता हूँ' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3193



## सूडोकु -3194

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3193 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## शब्द पहेली - 3194



**बाएँ से दाएँ**

1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम-3,2
4.उदारता,बडप्पन-4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ-2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला-3
9.अपशिष्ट पदार्थ-2
10.कामदेव,चंद्रमा-4
11.नाड़ी,नस-2
13.जबरन,जबरदस्ती-3
14.वायदा,वचन-2
15.भवन,आलय-3
17.आर्ट,हुनर-2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा-5
22.उद्देश्यहीनता-5
25.परिणाम-2
26.अंजन,नेत्रांजन-3
28.सांझ,संध्या-2
29.अधीन-3
30.निश्चित-2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ-4
34.बेइमान,सेंधमार-2
36.दाम,मूल्य-3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी-2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना-4
39.अश्रु,आंसू-5

**ऊपर से नीचे**

1.स्वर्ण,कनक-2
2.गुजर करना-3
3.धैर्यवान-3,2
4.राशिचक्र की एक राशि-3
5.आंशिक भीगा हुआ-2
6.सामंजस्य-4
7.यायावर,बंजारा-5
10.चुनाव,वोटिंग-4
12.दुख,कष्ट-2
16.यज्ञ,होम-3
17.कमरा,रूम-2
18.उम्मीद,आस-2
20.जुड़वा-3
21.प्याला-2
22.हृदय,हार्ट-2
23.निकृष्टतर-4
24.बलवान,दमदार-5
25.स्वदेशवासी-5
26.आलसी,निठल्ली-4
27.बुरी आदत-2
31.भरोसा,विश्वास-3
33.आंचल,पल्लू-3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार-2
37.समय, वक्त-2

### शब्द पहेली - 3193 का हल




# 6 महीने में इंटरनेशनल फिल्म सिटी का काम होगा शुरू

## बोनी कपूर फर्स्ट फेज में 230 एकड़ जमीन करेंगे विकसित, 1510 करोड़ होंगे खर्च

नोएडा। नोएडा में छह महीने में इंटरनेशनल फिल्म सिटी निर्माण का काम शुरू होगा। 12 जून को कंपनी मेसर्स बेव्यू प्रोजेक्ट्स जमीन पर कब्जा लेगी। 1000 एकड़ में फिल्म सिटी बनाई जानी है। छह महीने में पहले फेज यानी 230 एकड़ पर काम शुरू होगा। इस पर 1510 करोड़ रुपए खर्च होंगे।
ये जमीन यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर-21 में है। जिसकी फेंसिंग कराई जा चुकी है। जमीन पर कब्जा लेने से पहले कंपनी को स्पेशल पर्पज व्हीकल (एसपीवी) कंपनी का गठन करना होगा। बैंक गारंटी 80 करोड़ रुपए जमा करना होगा।
यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण में एक बैठक के दौरान फिल्म निर्माता बोनी कपूर की तरफ से आश्वासन दिया गया कि 12 जून से पहले सारी प्रक्रिया पूरी कर जमीन पर कब्जा लेंगे। कंपनी का प्रयास होगा कि जमीन पर कब्जा मिलते ही निर्माण प्रक्रिया शुरू कर दी जाए।
कंपनी द्वारा लगाई गई सबसे बड़ी आर्थिक बिड के हिसाब से कंपनी का चयन किया गया था। मार्च में बेव्यू कंपनी को मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के हाथों से आवंटन पत्र सौंपा गया था।

### फिल्म सिटी के फर्स्ट फेज में होगा निर्माण

यमुना एक्सप्रेस वे शहर के सेक्टर-21 में 1000 एकड़ में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी का प्रथम चरण 230 एकड़ में विकसित किया जाना है।
इसमें 155 एकड़ में फिल्म उद्योग से जुड़ी इंडस्ट्री और आवासीय सुविधा होगी।
75 एकड़ में व्यवसायिक गतिविधियां होटल, मॉल और प्लॉजा होंगे।
प्रथम चरण की परियोजना को 7 जोनों में बांटकर विकसित किया जाएगा।
इसी सेक्टर में विकसित की जाएगी फिल्म सिटी।
इसी सेक्टर में विकसित की जाएगी फिल्म सिटी।




### 18 फीसदी रेवेन्यू शेयरिंग के साथ लगाई थी बोली

फिल्म सिटी निर्माण को लेकर फरवरी में फाइनेंशियल बिड खोली गई थी। जिसमें फिल्म निर्माता व निर्देशक बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी ने रियल एस्टेट कंपनी भूटानी ग्रुप के साथ मिलकर सबसे ज्यादा 18 फीसदी रेवेन्यू शेयरिंग की बोली लगाकर फर्स्ट फेज के निर्माण के लिए विकास कर्ता कंपनी का अधिकार प्राप्त किया था। फिल्म सिटी रन होने के 8 साल बाद विकास कर्ता कंपनी को होने वाली कुल आय का 18 फीसदी हिस्सा प्राधिकरण को मिलेगा।

### 90 साल की लीज पर दी जाएगी जमीन

डॉ अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण ने बताया कि फिल्म सिटी के फर्स्ट फेज के निर्माण के लिए प्राधिकरण पहले से ही जमीन पर कब्जा ले चुका है। 12 जून को बे-व्यू प्रोजेक्ट्स को जमीन पर कब्जा दे दिया जाएगा। 90 साल की लीज पर जमीन दिया गया। यमुना प्राधिकरण फिल्म सिटी के लिए संपर्क मार्ग का निर्माण करेगा। इसके अलावा आंतरिक विकास से लेकर फिल्म सिटी की डिजाइन, फाइनेंस आपरेट, राजस्व इकट्ठा इन सब की जिम्मेदारी विकास कर्ता कंपनी की होगी। कंपनी जमीन का ट्रांसफर, सब लीज आदि नहीं कर पाएगी। सिर्फ किसी को भी सब लाइसेंस देने की छूट होगी।

### दूसरे चरण में होटल और तीसरे चरण में रिटेल स्टोर

फिल्म सिटी के दूसरे चरण में होटल, रिसोर्ट और व्यवसायिक गतिविधियों को विकसित किया जाएगा। तीसरे और अंतिम चरण में रिटेल सेक्टर का विकास होगा। इस दौरान पूरी फिल्म सिटी के सभी विकास कार्य पूर्ण हों।
स्टूडियो 1513 करोड़ रुपए
रिटेल मॉल 989 करोड़ रुपए
फिल्म इंस्टीट्यूट 914 करोड़ रुपए
इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास 842 करोड़ रुपए
होटल रेस्तरां 532 करोड़ रुपए
बैकलॉट सेट 393 करोड़ रुपए
एम्यूजमेंट पार्क 378 करोड़ रुपए
आवासीय मकान 307 करोड़ रुपए
ऑफिस 227 करोड़ रुपए
बैकलॉट वर्कशॉप 214 करोड़ रुपए
बैकलॉट ओपन एरिया 149 करोड़ रुपए
अनोखी होगी नोएडा की फिल्म सिटी
यहां थ्री डी स्टूडियो होंगे। 360 डिग्री पर घूमने वाले सेट होंगे। साउंड रिकॉर्डिंग, एडिटिंग व एनिमेशन स्टूडियो भी होंगे।
फिल्म सिटी में एक फिल्म विश्वविद्यालय भी बनेगा जहां स्टूडेंट फिल्म निर्माण की आधुनिक तकनीक की शिक्षा पा सकेंगे। यहां पर फिल्मों से जुड़े विषयों पर रिसर्च भी होगा।
फिल्म सिटी में फिल्म टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए विशेष स्टूडियो बनाए जाएंगे। फिल्म शूटिंग के लिए बनाए जाने वाले इन्फ्रास्ट्रक्चर को इस तरह से बनाया जाएगा, ताकि लोग इसे देखने आ सकें।

# नोएडा में 4 दिन का रेड अलर्ट

## आज 45 डिग्री तक जाएगा अधिकतम तापमान; शाम 4 बजे के बाद ही निकले

नोएडा। नोएडा में गर्मी बढ़ने और लू चलने से लोगों की परेशानी बढ़ने लगी है। आईएमडी के मुताबिक पहले हीट वेव का असर 28 मई तक था इसे अब एक दिन और बढ़ा दिया गया है। यानी अब 29 मई तक हीट वेव जारी रहेगी।

साथ ही अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक जाएगा। आज भी दोपहर दो बजे तापमान 45 डिग्री और न्यूनतम तापमान 31 डिग्री तक रहेगा। इससे लोगों को भीषण गर्मी झेलनी पड़ेगी। जिला प्रशासन ने एडवाइजरी जारी की है। बहुत जरुरी काम होने पर ही घर से बाहर निकले। आईएमबी के मुताबिक, मौसम साफ रहेगा। हवा की रफ्तार सात से 8 किमी प्रतिघंटा रहेगी। 29 मई तक रेड अलर्ट यानी हीट वेव जारी रहेगी। चार दिन भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। ऐसे में लोग सावधानी बरते। रिपोर्ट के मुताबिक, चार दिन अधिकतम तापमान 45 डिग्री और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री तक रहेगा। धूप के साथ लू चलेगी। इससे लोगों को तेज गर्मी का एहसास होगा। इसके बाद तापमान में अधिकतम तापमान में 3 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की जाएगी। हालांकि बादल और बारिश के आसार नहीं है।



### नोएडा में बिजली की डिमांड बढ़ी

रविवार को सुबह नौ से 10 के बीच तापमान 34 डिग्री तक रहेगा। यानी 10 बजे के बाद से तेज गर्मी पड़ने लगेगी। खास बात से है कि दो बजे से शाम 4 बजे तक तापमान में खास कमी नहीं आएगी। 4 बजे भी तापमान 43 डिग्री तक रहेगा। इसके बाद राहत मिलने की उम्मीद है। भीषण गर्मी के चलते नोएडा में बिजली की डिमांड भी बढ़ गई है। यहां रोजाना करीब 2400 मेगावॉट की डिमांड है। इतनी ही सप्लाई की जा रही है। फाल्ट होने से कटौती भी की जा रही है।

# सबसे पहले डाक मतपत्रों की होगी गिनती

ग्रेटर नोएडा। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट की मतगणना नोएडा स्थित फूल मंडी में सुबह आठ बजे से शुरू होगी।

सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती होगी। मतगणना हॉल में मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के इस्तेमाल पर रोक रहेगी। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था तीन स्तर की होगी। यहां करीब पांच हजार पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। प्रत्याशी और उनके एजेंट को ही मतगणना स्थल में प्रवेश दिया जाएगा। शाम पांच बजे तक परिणाम आने की उम्मीद है।

जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट की तीन विधानसभा की मतगणना नोएडा स्थित फूलमंडी में होगी, जबकि सिकंदराबाद और खुर्जा विधानसभा क्षेत्र की मतगणना बुलंदशहर स्थित नवीन मंडी अनूप शहर रोड में होगी।

फूलमंडी में मतगणना तीन हॉल में होगी। हर विधानसभा की मतों की गिनती 14-14 टेबल पर होगी। नोएडा विधानसभा के 747 बूथों की मतगणना 54 राउंड तक चलेगी, जबकि दादरी विधानसभा की मतगणना 51 राउंड में पूरी होगी।

वहां 707 बूथ हैं। जेवर विधानसभा में 398 बूथ हैं। यहां वोटों की गिनती 29 राउंड में पूरी हो जाएगी। जेवर विधानसभा में मतों की गिनती सबसे पहले पूरी होगी।

## शहर में डंप कूड़ों को उठाने में छह माह लगेगा

ग्रेटर नोएडा। शहर की सफाई व्यवस्था में जुटी एजेंसियों की लापरवाही से 50 से अधिक स्थानों पर अवैध रूप से कूड़े डंप हैं। नई एजेंसी पुराना कूड़ा नहीं उठाएगी। इसे उठाने के लिए किसी अन्य ठेकेदार की मदद ली जाएगी। अवैध रूप से डंप कूड़े को हटाने में छह माह का समय लग सकता है। प्राधिकरण को इस पर मोटी रकम खर्च करनी पड़ेगी। साफ सफाई के लिए नई एजेंसी के चयन के साथ यह काम भी प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।दरअसल ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट को दो भागों में बांटकर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। इसके लिए प्रथम चरण में भाग-1 यानी ग्रेटर नोएडा के लिए नई एजेंसी के चयन की प्रक्रिया चल रही है। चयनित एजेंसी साफ सफाई से जुड़े सभी काम देखेगी। आचार संहिता समाप्त होने के बाद इसकी प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। वहीं प्राधिकरण के सामने एक सबसे बड़ी चुनौती शहर में जगह- जगह पर अवैध रूप से लगे कूड़े के ढेर को हटाना भी है। घरों से निकलने वाले कूड़े को क्षेत्र के गांव लखनावली के पास बने अस्थाई डंपिंग ग्राउंड पर डालना होता है, लेकिन सफाई का काम करने वाली एजेंसी के कर्मी चोरी छिपे अवैध स्थान पर कूड़ा डंप कर चले जाते हैं। गाड़ी खाली करते समय कई बार पकड़ा भी जा चुका है। ऐसे लगभग 50 से अधिक स्थान हैं। इससे शहर की सुंदरता धूमिल होने के साथ आसपास के लोगों को भी दिक्कत होती है।प्राधिकरण के अधिकारियों के मुताबिक इंटीग्रेटेड सफाई व्यवस्था के लिए जिस भी कंपनी का चयन किया जाएगा।

# ग्रेटर नोएडा में बिजली का तार टूटकर नीचे गिरा

### एक कार, दो मोटरसाइकिल और स्कूटी जलकर हुई राख

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा में बिजली विभाग की लापरवाही देखने को मिली। जहां पर बिजली का तार टूटकर गिर गया और होटल के बाहर रोड पर खड़ी हुई एक कार, दो मोटरसाइकिल और एक स्कूटी जलकर राख हो गई। इस घटना के बाद लोगो में बिजली विभाग के खिलाफ काफी रोष है।

### दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया

नोएडा के थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के हाजीपुर में बिजली विभाग की लापरवाही के चलते हादसा देखने को मिला। दरअसल रात में बिजली का तार अचानक टूटकर नीचे गिर गया। उस तार के नीचे गिरते ही इसकी चपेट में होटल के बाहर खड़ी हुई एक स्विफ्ट कार, दो मोटरसाइकिल व एक स्कूटी आ गई। जैसे ही वहां खड़े वाहन तार की चपेट में आए तेजी से इन वाहनों में आग लग गई। सभी वाहन जलने लगे। जैसे ही इन गाड़ियों में आग लगी चारों तरफ अफरा तफरी मच गई और लोगों में भय व्याप्त हो गया। तत्काल प्रभाव से इसकी सूचना पुलिस और दमकल विभाग की टीम को दी गई। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया।




### बिजली विभाग के खिलाफ काफी रोष है

दमकल विभाग की टीम ने कार-स्कूटी और मोटरसाइकिल में लगी हुई आग को बुझाया लेकिन तब तक वह जलकर राख हो चुकी थी। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई भी जनहानि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि ओवरलोड होने की वजह से बिजली का तार नीचे गिर गया और उसी की वजह से तार की चपेट में आए वाहनों में आग लग गई। इस घटना के बाद लोगों में बिजली विभाग के खिलाफ काफी रोष है।

# 1550 में से 1300 बिल्डरों ने नहीं माना यूपी रेरा का आदेश




> यूपी रेरा के साथ पत्राचार के लिए बिल्डरों को कानूनी व प्रशासनिक अधिकारी अधिकृत करने हैं। इससे खरीदारों के मामलों का निस्तारण जल्द से जल्द हो सकेगा, लेकिन काफी बिल्डरों ने जानकारी नहीं दी है। अगर वो जानकारी नहीं देंगे तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
> **- प्रमोद कुमार उपाध्याय, सचिव, यूपी रेरा**

ग्रेटर नोएडा। प्रदेश के 1300 बिल्डरों ने उत्तर प्रदेश भूसंपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) के साथ पत्राचार करने के लिए अब तक अपना प्रशासनिक और कानूनी प्रतिनिधि अधिकृत नहीं किया है, जबकि प्राधिकरण ने पांच माह पहले आदेश जारी किया था। अब तक केवल 250 बिल्डरों ने कानूनी प्रतिनिधि की जानकारी दी है। वहीं, यूपी रेरा ने बिल्डरों को चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि तत्काल अधिकारी अधिकृत नहीं करने पर यूपी रेरा के साथ पत्राचार रोक दिया जाएगा।
यूपी रेरा में इस समय 1550 बिल्डर पंजीकृत है। इनके 3633 प्रोजेक्ट हैं। इन प्रोजेक्टों के खरीदार लगातार यूपी रेरा में शिकायत कर रहे हैं, लेकिन उनका समय से निस्तारण नहीं हो पा रहा है। इसका मुख्य कारण बिल्डरों की तरफ से जिम्मेदार अधिकारी की कमी होना है। इस पर यूपी रेरा ने जनवरी में एक आदेश जारी किया था। प्रदेश के सभी बिल्डरों को कानूनी और प्रशासनिक अधिकारी अधिकृत करने का आदेश दिया। इसकी जानकारी बिल्डरों को यूपी रेरा के पोर्टल पर देनी थी, लेकिन पांच माह बीतने के बाद भी केवल 250 बिल्डरों ने जानकारी दी है। इन 250 बिल्डर ने भी केवल कानूनी अधिकारी अधिकृत करने की जानकारी दी है, जबकि प्रशासनिक अधिकारी की जानकारी नहीं दी है। जिस पर यूपी रेरा ने सभी बिल्डरों को नोटिस जारी चेतावनी दी है। अफसरों ने बताया कि इन 250 बिल्डरों के कानूनी अधिकारी को ही प्रशासनिक अधिकारी माना जाएगा। यूपी रेरा इनके साथ ही शिकायतों के निस्तारण के साथ-साथ तिमाही प्रोग्रेस रिपोर्ट, समय विस्तार, संपादन, विलंब शुल्क, जुर्माना समेत अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर पत्राचार करेगा। वहीं अन्य बिल्डरों को चेतावनी जारी की है। अगर तत्काल उन्होंने अधिकृत अधिकारियों की जानकारी नहीं दी तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यूपी रेरा में उनके प्रोजेक्ट से काम रुक सकते हैं।
बिल्डर खरीदारों के साथ करार कर रहे है, लेकिन काफी मामलों में यूपी रेरा के समक्ष बिल्डरों ने करार करने से इन्कार कर दिया और हस्ताक्षर को फर्जी करार दे रहे हैं। इस पर यूपी रेरा ने बिल्डरों से अधिकृत अधिकारी की जानकारी मांगी है, ताकि यूपी रेरा के समक्ष होने वाले समझौते से बिल्डर पीछे नहीं हट सके। साथ ही शिकायतों के निस्तारण में भी तेजी आएगी।

## चार प्रतिशत लोगों ने ही पंजीकरण कराया

नोएडा। नलकूपों की मुफ्त बिजली योजना की तरफ उपभोक्ता रूचि नहीं दिखा रहे। करीब दो महीने में महज 300 उपभोक्ताओं ने ही मुक्त बिजली के लिए पंजीकरण कराया है। यह कुल उपभोक्ताओं का चार प्रतिशत से भी कम है।विद्युत निगम के अधिकारियों के अनुसार जिले में नलकूप के सात हजार आठ सौ 19 उपभोक्ता हैं। एक अप्रैल 2023 से शुरू की गई योजना में किसानों को 31 मार्च 2023 से पहले का बकाया जमा करना था, लेकिन किसान बिल जमा करने में कतरा रहे। ऐसे उपभोक्ताओं के लिए विद्युत निगम से सरचार्ज माफ करने के साथ ही किश्तों में बिल जमा करने की सुविधा भी दी है। इसके साथ ही एक अप्रैल से नलकूप के किसान उपभोक्ताओं को मुक्त बिजली मिलेगी। इसके लिए अप्रैल से ही पंजीकरण अभियान शुरू किया गया। अभी तक करीब तीन सौ उपभोक्ताओं ने ही योजना के तहत पंजीकरण कराया है, जोकि कुल उपभोक्ताओं का चार प्रतिशत से भी कम हैं। इसी तरह की स्थित पश्चिमांचल के अन्य जिलों की भी बनी हुई।

# तेज रफ्तार एक्सयूवी डिवाइडर से टकराई

गौतम बुद्ध नगर। नोएडा में दर्दनाक सड़क हादसा देखने को मिला । जहाँ एक तेज रफ्तार महिंद्रा एक्सयूवी 500 कार और नियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई।

इस हादसे में कार सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए । उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गई अन्य घायल दोनों युवकों का दिल्ली के अस्पताल में चल रहा है।

नोएडा पुलिस की तरफ से जानकारी दी गई कि दिल्ली के बदरपुर के विजय उर्फ नितिन उर्फ बबलू, पहाड़गंज निवासी आर्यन और एम्स के पास रहने वाले आशीष शनिवार देर रात ग्रेटर नोएडा से महिंद्रा एक्सयूवी कार से दिल्ली लौट रहे थे।

जब वह सेक्टर-126 हाइवे के पास पहुंचे तभी कार सुलभ शौचालय के पास अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और फिर कई बार पलटने हुए ग्रीन बेल्ट में जाकर गिर गई। महिंद्रा एक्सयूवी के पीछे चल रही एक अन्य कार में विजय,आर्यन और आशीष के साथी सवार थे।

पीछे कार पर सवार युवकों ने कार पलटने से घायल हुए तीनों युवकों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। नितिन ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। उसके सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट आई थी। अन्य घायलों आर्यन और आशीष की हालत गंभीर होने के चलते निजी अस्पताल से दिल्ली के ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। इसके बाद हादसे की जानकारी मृतक नितिन और घायल युवकों के परिजनों को दी गई। घायल आर्यन और आशीष रिश्तेदार हैं।

### दोस्त की जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने की बात कहकर घर से निकले थे

मृतक नितिन के भाई ने पुलिस को बताया कि तीनों युवक एक दोस्त की जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने की बात कहकर घर से निकले थे। तीनों ने रात 12 बजे तक घर वापस आने की बात परिजनों से कही थी।

आशंका है कि झपकी आने से चालक ने नियंत्रण खो दिया होगा। घायल आर्यन और आशीष 24 जबकि नितिन उर्फ विजय 26 साल के बताए जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस के द्वारा इस मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## शार्ट न्यूज

### गाजियाबाद में जंगल में लगी आग

गाजियाबाद। गाजियाबाद के वैशाली सेक्टर 1 में जंगल में आग लग गई। इस जंगल के एक तरफ झुग्गियां थी तो दूसरी तरफ बिजली घर। आग तेजी से दोनों तरफ को बढ़ रही थी। तीन दमकल की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद इस आग पर काबू पाया। गाजियाबाद में दमकल विभाग के चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल ने बताया कि वैशाली फायर स्टेशन को सूचना मिली कि मैक्स हॉस्पिटल सेक्टर 1 वैशाली में खाली जंगल में आग लग गई है। आग की सूचना पर तीन फायर टेंडर दमकल कर्मियों के साथ रवाना हुए। मौके पर देखा तो जंगल में आग लग रही थी जिसमें एक तरफ 50 से 60 झुग्गियां थी तो वहीं दूसरी तरफ बिजली घर था। आग तेजी से दोनों तरफ फैल रही थी। दमकल कर्मियों ने तुरंत हौज पाइप फैलाकर आग पर काबू पाने की कोशिश की। कड़ी मशक्कत के बाद काफी देर में आग पर काबू पाया जा सका साथ ही झुग्गी और बिजली घर को भी बचा लिया गया।

### गाजियाबाद में बिजली अधीक्षण अभियंता सस्पेंड

मेरठ। गाजियाबाद में बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता मुनेंद्र कुमार को सस्पेंड कर दिया गया है। PVVNL की एमडी ईशा दुहन ने यह एक्शन लिया है। अधीक्षण अभियंता मुनेंद्र कुमार के भ्रष्टाचार की ऑडियो वायरल हुई थी। ऑडियो में अधीक्षण अभियंता मुनेंद्र किसी से पैसों के लेन-देन की बात करते हुए सुनाई दे रहे थे। साथ ही टेंडर में गड़बड़ी की बात भी हो रही थी। उक्त ऑडियो सामने आने के बाद कुछ लोगों ने अधीक्षण अभियंता के खिलाफ गड़बड़ी की शिकायत भी की थी। शिकायत और ऑडियो की जांच की गई तो सारा मामला सच निकला। शिकायत डिस्काम हेडक्वार्टर को भी भेजी गई थी। इसके बाद जांच में सारा सच सामने आया। जांच के आधार पर मुनेंद्र कुमार मामले में दोषी मिले हैं उनको निलंबित कर दिया गया है। बिजली सप्लाई में लापरवाही करने पर अवर अभियंता, उपखंड अधिकारी और अधिशासी अभियंता को आरोप पत्र भी भेजा गया है। एमडी ने पावर सप्लाई की जांच कराई तो बिजली सप्लाई में लापरवाही सामने आई। श्री सांई हैरीटेज छपरौल दादरी के सप्लाई सेंटर 4 नोएडा में बिजली सप्लाई में लापरवाही बरती गई। जांच में नोएडा के राजकुमार अवर अभियन्ता, जयहिन्द उपखंड अधिकारी और अवनीश कुमार अधिशासी अभियन्ता दोषी मिले हैं।

### रेलवे-पुलिस ने यात्रियों के गुम हुए फोन लौटाए

गाजियाबाद। गाजियाबाद जीआरपी पुलिस ने रेल यात्रियों के गुम हुए मोबाइल फोन रविवार को लौटाए। जिनके फोन गुम हुए थे वह अपना फोन वापस पाकर बेहद खुश हुए। जनवरी से अब तक 300 मोबाइल फोन गुम होने की सूचना पुलिस को मिली थी। जिसके बाद एक टीम बनाकर व्यापक अभियान चलाया गया जिसमें 10 राज्यों से पुलिस ने करीब 18 लाख के 85 फोन बरामद किए हैं। गाजियाबाद में जीआरपी के डिप्टी एसपी सुदेश गुप्ता ने बताया की रेलवे पुलिस को जनवरी से अब तक 300 मोबाइल फोन गुम होने की सूचना मिली थी। इसके बाद इसके लिए एक टीम बनाई गई और पुलिस ने इन लापता फोन की तलाश शुरू की। पुलिस के मुताबिक यह फोन बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और दिल्ली एनसीआर में चल रहे थे। पुलिस ने करीब 18 लाख रुपए के 85 फोन बरामद किए हैं। साथ ही जिनका यह फोन थे उनको रविवार को यह फोन वापस कर दिए गए। अपने लापता हुए फोनों को पाकर मोबाइल मालिक भी बेहद खुश हुए।

### भेल की डिप्टी मैनेजर की आत्महत्या मामले में आईआरएस अधिकारी गिरफ्तार

नोएडा। भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) की डिप्टी मैनेजर की आत्महत्या के मामले में रविवार को पुलिस ने आरोपी आईआरएस अधिकारी सौरभ मीणा को गिरफ्तार कर लिया। सेक्टर-100 स्थित लोटस बुलेवर्ड सोसाइटी में शनिवार को आरोपी के फ्लैट में डिप्टी मैनेजर (एचआर) शिल्पा गौतम (37) का शव फंदे से लटकता हुआ मिला था। पिता ने सौरभ पर हत्या के बाद शव को फंदे से लटकाने का आरोप लगाते हुए सेक्टर-39 थाने में मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, पिता ओपी गौतम का आरोप है कि सौरभ व शिल्पा तीन साल से रिश्ते में थे। सौरभ ने शादी का झांसा देकर शिल्पा को भरोसे में लिया हुआ था। शिल्पा से अक्सर मारपीट और अभद्र व्यवहार भी किया जाता था। शिल्पा की सहेली के जरिये उन्हें पता चला कि शिल्पा फ्लैट में मृत पड़ी है। इसके बाद पुलिस को दी शिकायत में पिता ने सौरभ पर हत्या का आरोप लगाया। आरोप के आधार पर सौरभ के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की गई और रविवार को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया।

### अब लोगों को सस्ते में मिलेगा राशन

गाजियाबाद। सभी लोगों तक सस्ते दामों में घरेलू उपयोग की वस्तुएं और राशन मुहैया कराने के लिए जिले में स्मार्ट फेयर प्राइस शॉप खोली जाएंगी। खाद्य एवं रसद विभाग ने प्रदेश भर से गाजियाबाद को पायलट प्रोजेक्ट की शुरूआत के लिए चुना है। अच्छा फीडबैक मिलने के बाद प्रदेश के अन्य जिलों में भी इसको शुरू किया जाएगा। इसके तहत 15 कोटेदार का चयन किया गया है, जिनका जल्द ही नोएडा में प्रशिक्षण शुरु होगा। इन दुकानों में परचून के सामान से लेकर उस क्षेत्र में जिनकी सामग्रियों की मांग अधिक होगी उसके आधार पर बाजार मूल्य से कम दामों में सामान मिलेगा। इच्छुक कोटेदार इस योजना के तहत पंजीकरण करा सकते हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी डॉ. सीमा बालियान ने बताया कि अभी तक 15 कोटेदारों ने इच्छा जताई है। इनका प्रशिक्षण 27 मई से 31 मई तक नोएडा स्थित राष्ट्रीय उद्यमिता और लघु व्यवसाय विकास संस्थान में होगा जहां अन्य कई राज्यों के कोटेदार भी मौजूद रहेंगे। इसमें राजस्थान, हरियाणा, यूपी सहित कई राज्य शामिल हैं। इस योजना के तहत कोटेदारों को भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई), केंद्रीय भंडारण निगम (सीडब्ल्यूसी) की तरफ से अनाज पर सब्सिडी भी दी जाएगी।

### महंत के मोबाइल से मिली पांच दिन की फुटेज

मुरादनगर। गंगनहर घाट पर महिलाओं के कपड़े बदलने के कमरे में लगे सीसीटीवी कैमरे के मामले में पुलिस जांच में कुछ नए तथ्य सामने आए हैं। पुलिस को महंत के मोबाइल से पांच दिन का सीसीटीवी फुटेज मिला है। साथ ही सीसीटीवी के डीवीआर से महिलाओं के कपड़े बदलते समय की क्लिप भी मिली हैं। महंत ने मोबाइल में हरिद्वार व छोटा हरिद्वार के नाम से दो फोल्डर बना रखे थे और सीसीटीवी एप छिपा रखा था। एक्सपर्ट ने जब प्ले स्टोर से एप डाउनलोड करने की कोशिश की तो हाइड एप का पता चला। फरार चल रहे महंत मुकेश गोस्वामी की तलाश में पुलिस की दो टीम लगी हैं। थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक महिला 21 मई को अपनी बेटी के साथ गंगनहर घाट पर स्नान करने के लिए आई थी। स्नान के बाद महिला घाट पर बने चेंजिंग रूम में कपड़े बदलने चली गई, कपड़े बदलते समय महिला की नजर ऊपर लगे सीसीटीवी कैमरे पर पड़ी। पुलिस ने शिकायत पर सबसे पहले महंत का मोबाइल अपने कब्जे में ले लिया था।

### दूधिया ने खुद ही मरवाई थी गोली

गाजियाबाद। गाजियाबाद के लोनी इलाके में 13 मई को दूधिया को गोली मारने की घटना का पुलिस ने शनिवार को खुलासा कर दिया। पुलिस के मुताबिक, विपक्षियों को फंसाने के लिए दूधिया ने अपने दोस्तों से पैर में गोली लगवा ली थी। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरे की तलाश जारी है। गांव सिरोली निवासी 40 वर्षीय सतपाल दूधिया है। वो 13 मई की रात गाजियाबाद से दूध देकर बाइक से वापस गांव लौट रहा था। सतपाल के मुताबिक, रास्ते में दो युवकों ने उसको रोक लिया और पैर में गोली मार दी। इस केस में घायल सतपाल के भाई तेजवीर ने एफआईआर दर्ज कराई। इसमें ढिकौली गांव निवासी रजत और प्रशांत को नामजद किया। आरोप लगाया कि दोनों भाइयों से उसका रुपयों का लेनदेन चल रहा था। एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया, शनिवार को इस घटना का खुलासा कर दिया गया। वारदात का मास्टरमाइंड एवं साजिशकर्ता खुद घायल सतपाल उर्फ सचिन निकला। पूछताछ में सतपाल ने बताया, मेरा रजत व प्रशांत से भैंसों का व्यापार और रुपयों का लेनदेन चल रहा था।

# भाजपा कर रही है सुप्रीम कोर्ट की अवमानना, कोर्ट ले स्वत : संज्ञान : अखिलेश यादव



बलिया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा पीडीए साकार बनाने पर राम मंदिर में ताला लगाने के आरोप को सुप्रीम कोर्ट की अवमानना करार दिया है। उन्होंने मांग की है कि इस तरह की भाषा का प्रयोग करने वालो के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट स्वयं संज्ञान लेकर कार्रवाई करे।

जिले के बेल्थरा रोड में एक निजी इंटरकालेज के मैदान में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आज सलेमपुर लोकसभा से इण्डिया गठबंधन समर्थित समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रमाशंकर विद्यार्थी के समर्थन में एक जनसभा को सम्बोधित किया। जनसभा से इतर संवाददाताओं से बातचीत में भारतीय जनता पार्टी द्वारा इण्डिया गठबंधन की साकार बनने पर राम मंदिर में ताला लगाए जाने के आरोपों के सवाल पर उन्होंने कहा इस तरह की भाषा से सुप्रीम कोर्ट के फैसले की आवामाना हो रही है। सुप्रीम कोर्ट ऐसे लोगों के खिलाफ खुद संज्ञान लेके कार्रवाई करे।

वहीं प्रधानमंत्री चेहरे के सवाल पर उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री बनने के लिए सुन्दर चेहरा नहीं सुन्दर मन होना चाहिए। सुन्दर चेहरे वाले केवल मेकप करते हैं। भाजपा के 400 पर के नारे पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग चार सौ पार का नारा दे रहे थे वो लोग सातवें चरण के बाद 400 सीटें हार जायेंगे। उन्होंने कहा कि वो 543 में से 400 सीटें जीतने का दावा कर रहे थे वो 543 में से 400 घटाकर 143 सीटें नहीं जीत पाएंगे। देश की 140 करोड़ की जनता इनको 140 सीटों के लिए भी तरसा देगी।

उन्होंने दावा किया है कि प्रधानमंत्री मोदी का पद जाने वाला है इस लिए उनकी जुबान लड़खड़ा रही है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जब इंसान का आत्मविश्वास लड़खड़ा है, तो उसकी ज़बान भी लड़खड़ाती है। ये लड़ाई इसलिए है क्योंकि भाजपा के लोग संविधान बदलना चाहते हैं। बहुजन समाज के लोग भी एकजुट हो गए हैं तथा भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ मतदान कर रहे हैं। छठवें चरण में जो बंपर वोट पड़ा है वो इण्डिया गठबंधन के पक्ष में है। इसकी वजह से उनकी जुबान लड़खड़ाने लगी है। जिन्होंने डबल इंजन की सरकार का नारा दिया विकास के बलिया और देवरिया आते-आते उनके डबल इंजन के इंजन का धुआं क्यों निकल जाता है।

तेजस्वी को जेल भेजने की धमकी के सवाल पर उन्होंने कहा कि ये संस्थाओं का ग़लत इस्तेमाल कर रहे हैं तथा अपनी मन मर्जी से संस्थाएं चला रहे हैं जिसको कभी जनता स्वीकार नहीं कर सकती है। उन्होंने दावा किया कि पीडीए और पूर्वांचल दोनों में पी आता है तथा पूरा पूर्वांचल पीडीए परिवार के साथ है।

# सपा नेता रेवती रमण समेत 50 समर्थकों पर मामला दर्ज



प्रयागराज। समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद रेवती रमण सिंह समेत 50 लोगों के खिलाफ पुलिस ने करेली थाने में चुनाव प्रक्रिया में बाधा पहुंचाने को लेकर मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस सूत्रों ने करेली थाना के हल्का दरोगा मनीष कुमार राय ने इलाहाबाद सीट से कांग्रेस प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह के पिता रेवती रमण सिंह समेत 50 लोगों के खिलाफ कल देर शाम आईपीसी की धारा 183, 353 और 171 एफ के साथ पीपुल्स रिप्रेजेंटेशन एक्ट की धारा 131 के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।

उन्होंने बताया कि शनिवार को छठवें चरण का मतदान हो रहा था और इसी दौरान रेवती रमण सिंह ने मतदान केन्द्र के पास अपनी गाड़ी लाकर रोक दी। उनके समर्थक वहां पहुंचकर जिंदाबाद-मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग का सख्त निर्देश है कि मतदान केन्द्र से 200 मीटर की परिधि में कोई नहीं रहना चाहिए।

उन लोगों को बहुत समझाया गया लेकिन कोई बात सुनने को तैयार नहीं था। मजबूरन पुलिस को फिर सभी को वहां से खदेड़ना पड़ा। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देश को पालन कराएंगे।

उसके आदेश का पालन कराने में यदि कोई अडचन पैदा करेगा तो दिक्कत तो आएगी।

## शार्ट न्यूज

### फायर सर्विस द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाकर प्रशिक्षण किया गया



ललितपुर । पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ, अग्निशमन तथा आपात सेवा मुख्यालय उ0प्र0 लखनऊ के आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ललितपुर के निकट निर्देशन व मुख्य अग्निशमन अधिकारी ललितपुर के कुशल नेतृत्व में फायर स्टेशन ललितपुर द्वारा जनपद ललितपुर में स्कीम-03,05,06 के अंतर्गत अस्पताल/नर्सिंग होम, होटल, व औद्योगिक प्रतिष्ठानों में होने वाले अग्निकांडो से बचाव तथा उससे होने वाली जन-धन की हानि को नियंत्रित करने हेतु जागरूकता अभियान चलाकर प्रशिक्षित किया गया।

### नगर पंचायत में विद्यालय के पास लगा कूड़े का ढेर संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ा

विशाल इंडिया/ब्यूरो



सीतापुर। जिले की हरगांव नगर पंचायत में इस वक्त पड़ रही चिल चिलाती गर्मी में नगर पंचायत हरगाँव के मोहल्लों में नाली से निकाला गया कूड़ा कचरा काफी दिनों से हाइवे के किनारे दुकानो सहित विद्यालय के सामने लगा हुआ है।जिससे संक्रमण फैलने का खतरा मंडराने लगा है।नगर पंचायत के अधिकारियों सहित कर्मचारी सभी कुम्भकर्णी नींद में मस्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले की हरगांव नगर पंचायत के अन्तर्गत लखीमपुर सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे कन्या प्राथमिक विद्यालय हरगांव सहित दुकानदारों की दुकानों वीरेन्द्र किराना स्टोर,गुप्ता किराना स्टोर,राही गेस्ट हाउस के सामने काफी दिनों पहले नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों के द्वारा नाली की सफाई कर कूड़ा कचरा निकालकर डाला गया था।जो अभी तक जस का तस पड़ा हुआ है। बरसात का मौसम आने वाला है।जिससे संक्रमण फैलने का खतरा मंडराने लगा है। दुकानदारों ने बताया कि नाले से कूड़ा करकट निकालकर सफाई कर्मचारी नाले के समीप सड़क पर लगा देते हैं। फिर इसे उठाने की जहमत नहीं उठाते। यह कूड़ा करकट काफी दिन पहले लगा दिया गया था।आज तक इसे कोई उठाने ही नही आया है।नगर पंचायत कार्यालय में अधिकारियों, जन प्रति निधियों से कई बार कहा जा चुका है।मगर सभी कुंभकर्णी नींद में मस्त हैं।

### करंट की चपेट में आकर एक महिला की मौत दो गंभीर

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच ज़िले के कोतवाली देहात क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने मवेशियों से फसलों को बचाने के लिए कटीले तार में करंट दौड़ाया , रविवार को इसकी चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गयी जबकि दो अंन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। कोतवाली देहात क्षेत्र के बेड़नापुर चौकी अंतर्गत अरईखुर्द गांव निवासी मेवालाल (30) पुत्र मैकू व राधा देवी (20)पुत्री अवधराम और शांति देवी पत्नी कंधई हताहत हुए। इस दुर्घटना में शांतिदेवी की मौत हो गयी। आज सुबह बारिश हुई जिसके बाद मेवालाल खेत पर कटीले तारों के पास से कपड़े उठाने गया जैसे ही उसने कपड़े उठाये करंट की चपेट में आ गया। शोर सुनकर शांतिदेवी भी बाहर निकली और वह भी कंटीले तारों में दौड़ रहे करंट की चपेट में आ गयी। राधादेवी भी करंट की चपेट में आयी। ग्रामीण आनन फानन में तीनों को अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने शांतिदेवी को मृत घोषित कर दिया जबकि राधा और मेवालाल की हालत गंभीर बतायी गयी है। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची कोतवाली देहात पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### अलीगढ़ में बड़ी बहन ने छोटी को मार डाला

अलीगढ़। अलीगढ़ में ग्रेजुएशन की छात्रा ने गला दबाकर अपनी छोटी बहन की हत्या कर दी। बड़ी बहन ने पहले खाने में नींद की गोलियां मिलाकर घरवालों को गहरी नींद में सुला दिया। फिर बहन का गला दबा दिया। पकड़े जाने पर वह पुलिस से बोली- रोज-रोज की शिकायतों से परेशान हो गई थी। मामला क्वार्सी थाना क्षेत्र का है। रविवार की सुबह बेटी की लाश मिलने पर घरवालों ने पुलिस को सूचना दी। उन्होंने एक लड़के पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर जांच शुरू की। मृतका की बड़ी बहन की गतिविधियां संदिग्ध नजर आने पर पुलिस ने उससे सख्ती से पूछताछ की, तो उसने हत्या करने की बात कबूल का ली। नगला तिकोनी के निधिवन कॉलोनी में रहने वाले पंकज शर्मा की 3 बेटियां थीं। रविवार सुबह जब परिवार के लोग सोकर उठे तो उनकी दूसरे नंबर की बेटी ट्विंकल शर्मा (16) बेड पर बेसुध पड़ी थी। घरवालों ने उसे जगाने की कोशिश की, मगर कोई रिस्पॉन्स नहीं मिला। सभी घबरा गए और डॉक्टर को बुलाया गया। डॉक्टर ने ट्विंकल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस को घरवालों ने सूचना दी। क्वार्सी पुलिस के साथ स्क्अमृत जैन मौके पर पहुंचे। जांच के लिए टीम बनाई गई।

### होटल के कमरे में प्रेमी ने किया सुसाइड

फिरोजाबाद। फिरोजाबाद में एक युवक ने होटल के कमरे में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। युवक के पास से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। जिस पर उसकी प्रेमिका की फोटो लगी हुई है। साथ में प्रेमिका का आधार कार्ड भी लगा हुआ है। वहीं शव से कुछ दूरी पर युवक का फोन भी पड़ा हुआ है। फोन देखकर ऐसी आशंका जताई जा रही है कि युवक ने फोन को गुस्से में फेंका होगा। युवक का सारा सामान कमरे में फैला हुआ है। शव के पास युवक के जूते भी रखे हुए हैं। होटल कर्मचारी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक के फोन से जिस नंबर पर आखिरी बार बात हुई है वो उसकी प्रेमिका का है। सुबह 4 बजे दोनों की आखिरी बात हुई है। घटना के बाद परिवार के लोगों को भी मौके पर बुला लिया गया है। पुलिस की एक टीम प्रेमिका के घर पर भी गई हुई है। ये मामला फिरोजाबाद के टूंडला के पास स्थित मोहम्मदाबाद हाईवे स्थित रॉक ऑन कैफे का है। वहीं होटल के एक कर्मचारी ने बताया, सतेंद्र रात को 8 बजे के करीब होटल आया था। उसके बाद वो कमरे से बाहर ही नहीं निकला था। वो रस्सी साथ ही लाया था क्योंकि कमरे में ऐसी कोई रस्सी नहीं रखी हुई थी। उसने सुबह 11 बजे तक होटल का रूम ले रखा था।

### लखनऊ में पुलिस के साथ लुटेरों की मुठभेड़

लखनऊ। लखनऊ पुलिस और बदमाशों के बीच शनिवार रात मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने दो आरोपियों अतीब और रेहान को गिरफ्तार किया है। सूचना के आधार पर पुलिस बैरिकेंडिग लगाकर गाड़ियों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बदमाश पहुंचे। वह पुलिस को देखकर भागने लगे। पीछा करने पर उन्होंने पुलिस पर गोली चला दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी अतीब के दोनों पैरों में गोली लग गई। वह घायल है, जबकि उसका साथी रेहान सुरक्षित है। घटना बख्शी का तालाब क्षेत्र के इटौंजा थाना इलाके की है। डीसीपी प्रबल प्रताप ने बताया कि अतीब के ऊपर पहले से ही 9 मुकदमे दर्ज हैं। उसके ऊपर बाराबंकी में भी कई मुकदमे हैं। ताजी घटना में शामिल अतीब का दूसरा साथी रेहान भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने घटना में उपयोग होने वाले 315 बोर के दो असलहे और पल्सर बाइक भी बरामद किया है। लूट के दौरान डीसीपी उत्तरी अभिजीत आर शंकर ने बताया था कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चार टीम बनाई गई थी। जिसमें क्राइम ब्रांच, सर्विलांस और दो टीम इटौंजा पुलिस की शामिल थी।

# बिजनेसमैन को पुलिस ने उठाया...1 घंटे में मौत

झांसी। झांसी में गेस्ट हाउस का बंद ताला खुलवाने के लिए पुलिस 72 साल के बुजुर्ग बिजनेसमैन को उनके घर से उठाकर ले गई। गेस्ट हाउस पहुंचने पर उनकी हालत अचानक बिगड़ गई। उल्टी होने के बाद वह बेसुध हो गए।

यह देख पुलिस के हाथ-पैर फूल गए और परिजनों को बुला लिया। उनको मोंठ ष्ट।ष्ट ले गए। वहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। यहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया।

उनकी मौत से परिजन गुस्सा गए और मौत का जिम्मेदार पुलिस को ठहराते हुए हंगामा कर दिया। परिजन शव का पोस्टमॉर्टम नहीं कराना चाहते थे। 3 घंटे चले हंगामे के बाद परिजन मान गए। पूरा मामला समथर कस्बे का है। मृतक का नाम ओम प्रकाश अग्रवाल (72) था। वह समथर कस्बे के चोपड़ा बाजार में रहते थे। वह कस्बे के प्रतिष्ठित बिजनेसमैन थे। उनकी कई किराना की दुकानें और गल्ला मंडी के पास रामराजा के नाम से गेस्ट हाउस है। मृतक के बेटे संतोष अग्रवाल ने बताया- एक समाज के लोगों ने शनिवार को सामूहिक विवाह समारोह के लिए गेस्ट हाउस बुक कराया था। 44 हजार रुपए में बुकिंग हुई थी। 18 हजार की पेमेंट हो चुकी थी। शनिवार शाम 6 बजे कार्यक्रम खत्म हुआ, तो पिता ने बकाया पैसा मांगा। तब लोगों ने पैसा देने से मना कर दिया। इससे नाराज ओम प्रकाश ने गेस्ट हाउस के बाहर ताला लगा दिया और घर चले गए। उस समय गेस्ट हाउस के अंदर 20 से ज्यादा लोग मौजूद थे।

संतोष अग्रवाल ने बताया- गेस्ट हाउस के अंदर बंद लोगों ने हंगामा करते हुए समथर पुलिस को सूचना दे दी।

## नहर में गिरी कार, चाचा भतीजे की मौत

कन्नौज। उत्तर प्रदेश के कन्नौज में रविवार को शादी में शामिल होने जाते समय एक कार निचली गंग नहर में गिर गई। हादसे में चाचा-भतीजे की मौत हो गई। छिबरामऊ कोतवाली के दीपकपुर गांव निवासी राहुल शाक्य (30) लंकुश लाल शाक्य गांव निवासी भतीजे अवनीश (26) भोजपाल शाक्य के साथ सौरिख थाना क्षेत्र के फूल राजपुर फुफेरी बैंक संगीता की शादी में शामिल होने स्कॉर्पियो से जा रहे थे। तभी कंसुआ गांव के पास स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर निचली गंग नहर में गिर गई। हादसे में चाचा भतीजे की मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जेसीबी व गोताखोरों के मदद से शवों को बाहर निकलवाकर पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी होते ही ग्रामीणों की उमड़ पड़ी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले में जांच पड़ताल शुरू की।

# यूपी के 4 शहरों का पारा 46 पार

## कानपुर देहात सबसे गर्म; चंदौली में ट्रेन का एसी फेल...हंगामा

कानपुर। नौतपा के दूसरे दिन पूरा यूपी तप रहा है। रविवार दोपहर 1 बजे तक 4 शहरों का पारा 46 के पार पहुंच गया। कानपुर देहात में सबसे ज्यादा गर्मी पड़ रही है। यहां अधिकतम तापमान 46.7 रिकॉर्ड किया गया। 46.6 के साथ बांदा दूसरे नंबर पर है। वहीं, आगरा में 46.5 और मथुरा में 46.1 तापमान रिकॉर्ड किया गया।

सुबह 6 बजे से ही उमस महसूस होने लगी। 8 बजे तक तेज धूप निकल गई। दोपहर में तेज और गर्म हवाएं चल रही हैं। धूप से बचने के लिए लोग शरीर को ढंक कर निकल रहे हैं। श्रद्धालुओं से भरे रहने वाले काशी-अयोध्या के घाटों पर दोपहर 12 बजे ही सन्नाटा पसर गया। इधर, अयोध्या में तेज धूप से स्कूटी में आग लग गई। 15-20 में स्कूटी जलकर राख हो गई। वहीं, चंदौली में आनंद विहार से पटना जा



रही समर स्पेशल ट्रेन का एसी खराब हो गया। गर्मी से बेहाल यात्रियों ने जमकर हंगामा किया।

आज के लिए मौसम विभाग ने 27 जिलों में हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है। 48 जिलों में रात का पारा बढ़ने की चेतावनी जारी की है।

एडवाइजरी जारी : मौसम विभाग ने कहा कि सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक जरूरत न हो तो घर से बाहर न निकले। बाहर निकलना भी है, तो पानी पीकर ही निकले और खाली पेट बिल्कुल भी न निकले। सिर को सफेद कपड़े से ढककर ही निकले। हल्के कपड़े पहने। बच्चे और बुजुर्ग बाहर जाने से बचें।

7 डिग्री तक चढ़ा तापमान : मौसम विभाग ने बताया कि 24 घंटे में लखीमपुर खीरी के न्यूनतम तापमान में 7 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जबकि गोरखपुर के अधिकतम तापमान 4 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई

तापमान में जारी रहेगी बढ़ोतरी : सीएसए यूनिवर्सिटी के मौसम विज्ञानी डॉ. स्ह्व सुनील पांडेय ने बताया कि नौतपा में अभी पारा कई शहरों में 48 डिग्री तक जा सकता है। तापमान में बढ़ोतरी अभी लगातार जारी रहेगी। दिन के मुकाबले अब रातें भी गर्म होंगी।

# कानपुर के 50 माफियाओं के घर पुलिस की रेड

## बिल्डर हाजी वसी के घर कैश और गैंगस्टर पप्पू स्मार्ट के यहां अवैध पिस्टल बरामद

कानपुर। कानपुर पुलिस ने शनिवार को 50 क्रिमिनल्स के यहां पर भारी फोर्स के साथ दबिश दी। डीसीपी ईस्ट, वेस्ट, साउथ और सेंट्रल जोन के डीसीपी अपने क्षेत्र के एसीपी और थानेदारों के साथ यह रेड की। रेड के दौरान पुलिस को अपराधियों के यहां से कैश, हथियार और कारतूस समेत अन्य बरामद किया है। जिनके घरों पर हथियार समेत अन्य संदिग्ध वस्तुएं मिली हैं। इन सभी पर एफआईआर दर्ज करके सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल इस रेड में किसी को अरेस्ट नहीं किया गया है।

### सेन्ट्रल जोन : हाजी वसी के घर कैश और कारतूस बरामद

डीसीपी सेन्ट्रल आरएस गौतम ने बताया बजरिया क्षेत्र में जयकांत बाजपेई के घर छापेमारी की गई वह जेल में बंद है। सूचना थी कि उसके सील मकान से कुछ वस्तुएं निकाली



जा रही हैं मगर कुछ नहीं मिला। नई सड़क हिंसा में फंडिंग में जेल गए बिल्डर हाजी वसी के चमनगंज स्थित घर से पुलिस को 5.65 लाख रुपये, रिवाल्वर के 15 कारतूस और रायफल के छह कारतूस बरामद किए हैं। इसी तरह चरस तस्कर काकादेव निवासी सुशील उर्फ बच्चा, चमनगंज निवासी शाहिद पिच्चा, अनवरगंज निवासी चरस तस्कर सूरज सोनकर और बृजेन्द्र सोनकर के यहां भी छापेमारी की गई। इसके अलावा ग्वालटोली में विधायक इरफान के करीबी शौकत अली के यहां भी छापेमारी की गई है।

### ईस्ट जोन : गैंगस्टर पिंटू सेंगर के घर अवैध पिस्टल बरामद

डीसीपी ईस्ट श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि पिंटू सेंगर हत्याकांड में मुख्य आरोपित पप्पू स्मार्ट के शहर में होने और संदिग्धों के उसके घर पर आने की सूचना मिली थी। जिसपर छापेमारी सत्यापन कराया गया। वह नहीं मिला मगर उसके घर से 315 बोर की कंट्री मेड पिस्टल और 12 बोर के कारतूस बरामद हुए हैं। एफआईआर दर्ज की गई है। जाजमऊ थानाक्षेत्र में रहने वाले माफिया सऊद अख्तर के यहां छापेमारी की गई। आरोपित मौके पर नहीं मिला।

### साउथ जोन : घाटमपुर में अपराधी इकराम के घर तमंचा बरामद

डीसीपी साउथ रविन्द्र कुमार ने बताया कि घाटमपुर निवासी इकराम को तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही अलग-अलग क्षेत्र के अपराधियों के 27 ठिकानों पर पुलिस ने रेड की हे।

डीसीपी विजय ढुल ने बताया कि चौबेपुर क्षेत्र में छापेमारी के दौरान 315 बोर का तमंचा, एक कारतूस, 9 एमएम का एक कारतूस पवन सिंह यादव के पास मिला। उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

फरार चल रहे पप्पू उर्फ रामप्रताप सिंह के पास से एक 315 बोर तमंचा और कारतूस बरामद किया गया है। उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया।

# मेरठ में जिला बदर को 40 हजार रुपए लेकर छोड़ा

मेरठ। मेरठ में खाकी के खेल का नया कारनामा सामने आया है। जब जिला बदर के आरोपी को पैसे लेकर पुलिसवालों ने छोड़ दिया। मामले की वीडियो सामने आने के बाद पूरा राज खुला। वीडियो की जांच में पुलिस का सच भी सामने आ गया। अब पूरे मामले में एसएसपी ने दरोगा और कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया है।

सकौती पुलिस चौकी से पिछले दिनों जिला बदर के आरोपी राजा को पुलिसवालों ने पहले पकड़ा फिर पैसे लेकर छोड़ दिया था। इस मामले में दरोगा सुनील और सिपाही अवनीश को सस्पेंड किया गया है।

### ये था पूरा मामला

जीतपुर गांव निवासी राजा को अप्रैल में जिला बदर किया गया था। लेकिन राजा सकौती के एक होटल में छिपा था। 21 मई की रात मुखबिर की सूचना पर सकौती चौकी प्रभारी सुनील, कांस्टेबल ने पकड़ लिया था। पकड़कर उसे चौकी में लाया गया फिर छोड़ दिया।

आरोप है कि पुलिस ने जिला बदर को पकड़कर उससे पैसों का लेनदेन किया। लगभग 40 हजार रुपए में डील हुई। राजा के घरवाले रकम लेकर चौकी पर आए। राजा के परिजनों का आरोप था कि पुलिस ने पैसे लेकर राजा को छोड़ दिया।

आरोपी को पकड़ने, छोड़ने की पूरी घटना होटल के सीसीटीवी में कैद हो गई। होटल का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पुलिस अफसरों के पास मामला पहुंचा। सीओ दौराला शुचिता सिंह को पूरे मामले की जांच दी गई।

सीओ की जांच में मामला सही मिला। जांच रिपोर्ट के आधार पर एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने दरोगा सुनील, कांस्टेबल अवनीश को सस्पेंड कर दिया है।

# एसपी ने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर परखी व्यवस्था, दिए निर्देश



ललितपुर । पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अमरपुर मंडी में बने कन्ट्रोल रूम व स्ट्रांग रूम में लगे सीसीटीवी कैमरो का निरीक्षण किया गया एवं सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस बल, अर्द्धसैनिक बल व सम्बन्धित अधि0/कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी द्वारा कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरो को चेक कर सम्बन्धित अधि0/कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । अमरपुर मंडी में ईवीएम सुरक्षा के दृष्टिगत लगये गये पुलिस पुलिस बल, अर्द्धसैनिक बल की लगी ड्यूटियो को चेक कर सम्बन्धि को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । एसपी द्वारा ईवीएम सुरक्षा के दृष्टिगत अमरपुर मंडी में पुलिस बल के साथ भ्रमण किया गया व सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।पुलिस अधीक्षक द्वारा ईवीएम सुरक्षा के दृष्टिगत चौकी अमरपुर मंडी का निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। तत्पश्चात एसपी द्वारा थाना कोतवाली का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान परिसर, कार्यालय, सीसीटीवी कैमरे आदि का निरीक्षण किया गया तथा सम्पूर्ण थाना परिसर में समुचित लाइट का प्रबन्ध करना एव कार्यालय को स्वच्छ रखने हेतु निर्देशित किया गया।

## पूर्व राज्यमंत्री विनय शाक्य की हार्ट अटैक से मौत

औरैया। औरैया जिले की बिधूना विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं एमएलसी रहे पूर्व राज्यमंत्री विनय शाक्य को अचानक हृदयाघात के चलते उपचार के लिए बिधूना लाया गया। जहां चिकित्सकों ने देखते ही उन्हें मृत घोषित कर दिया। जैसे ही यह जानकारी लोगों को हुई तो रविवार को उनके भटौरा स्थिति आवास पर भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। भारी संख्या में लोगों ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उनके भाई सपा के प्रदेश सचिव देवेश शाक्य , विनय शाक्य की पुत्री भाजपा नेत्री एवं बिधूना विधानसभा क्षेत्र की पूर्व प्रत्याशी रिया शाक्य , पुत्र सिद्दार्थ शाक्य आदि परिजनो को लोगों ने ढांढस बंधाया। पूर्व राज्य मंत्री विनय विनय शाक्य पिछले कई वर्षों से पक्षाघात आदि के अलावा कई बीमारियों से ग्रसित थे। उनके अंतिम दर्शन के लिए कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक की पत्नी नेहा पाठक, पूर्व आदि भारी संख्या में लोगों ने पहुंचकर उनके पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन कर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की।

# झांसी : बुर्जुग की मौत, परिजनों ने पुलिस पर लगाया बर्बरता करने का आरोप

एजेंसी

झांसी। उत्तर प्रदेश में झांसी के समथर थानाक्षेत्र में विवाह घर संचालक की मौत के बाद परिजनों ने पुलिस पर बर्बरता करने और समय से इलाज मुहैया नहीं कराने का आरोप लगाया हैं।

समथर थानाक्षेत्र में मोंठ रोड पर गल्ला मंडी के पास स्थित विवाहघर संचालक की रविवार सुबह मौत हो गयी ।

जिसके बाद परिजनों का गुस्सा पुलिस पर फूटा और उन्होंने संचालक की मौत के लिए पुलिस की बर्बरता को जिम्मेदार ठहराया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विवाह घर में समाज द्वारा सामूहिक विवाह का कार्यक्रम कराया गया था। कार्यक्रम के बाद आयोजकों और विवाह घर संचालक ओमप्रकाश अग्रवाल उर्फ लह्लू पंसारी (70)के बीच शनिवार रात पैसों के लिए विवाद हुआ।

आयोजक पैसे देने से इंकार कर रहे थे जिसके बाद भुगतान न करने की स्थिति में ओमप्रकाश ने सामान नहीं उठाने दिया और ताला लगाकर अपने घर चला गया।

इसकी शिकायत आयोजकों ने समथर थानापुलिस से की। विवाह घर संचालक के परिजनों का आरोप है कि पुलिस रात को घर आयी और ओमप्रकाश को खींचकर अपने साथ विवाह घर ले गयी।

इस बीच ओमप्रकाश को घबराहट होने लगी और उसकी तबीयत बिगड़ने लगी ।

पुलिस उन्हें अपने साथ लेकर घूमती रही और बाद में उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दिखाया।जहां से उसे झांसी रेफर किया गया और रविवार तड़के उसकी मौत हो गयी।

हालांकि पुलिस ने बताया कि ओमप्रकाश द्वारा कुछ लोगों को विवाह घर में बंधक बनाने की सूचना मिली थी , जिसके बाद थाना प्रभारी ओमप्रकाश को घर से विवाहघर लाये और बंद लोगों को मुक्त कराया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण (एसपीआरए) गोपीनाथ सोनी ने बताया कि ओमप्रकाश को जब घर से विवाहघर लाकर बंद लोगों को मुक्त कराया गया तो इस बीच उसकी हालत बिगड गयी ।

पुलिस ने उसे सीएचसी मोंठ में दिखाया जहां से चिकित्सकों ने उसे झांसी रेफर कर दिया।

परिजनों ने उसे प्राइवेट अस्पताल में दिखाया जहां चिकित्सकों ने ओमप्रकाश को मृत घोषित कर दिया।

एसपीआरए के अनुसार शव का पोस्टमार्टम कराया गया जिसमें पता चला कि ओमप्रकाश पहले से ही दिल और फेफडों की बीमारी थी।

दूसरी ओर परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने ओमप्रकाश के साथ जिस तरह की बर्बरता की और उसे परेशानी होने के बावजूद इलाज मुहैया कराने में की गयी देरी के कारण ही उसकी मौत हुई है।

## ब्रिटेन के विमान हादसे में आरएएफ पायलट की मौत

लंदन। ब्रिटेन के लिंकनशायर में हुए एक विमान हादसे में आरएएफ के पायलट की मौत हो गई। यह हादसा ब्रिटिश रॉयल एयर फोर्स (आरएएफ) बेस के पास हुआ है। स्पिटफायर के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण आरएएफ के पायलट की मौके पर ही मौत हो गयी। विमान दुर्घटना की जानकारी दे रहे आरएएफ के एक प्रवक्ता ने कहा कि दुख के साथ यह जानकारी देना पड़ रही है कि विमान हादसे में पायलट की मौत हो गई है। उन्होंने कहा कि आरएएफ कोनिंग्सबी के पास दुर्घटना हुई जिसमें आरएएफ के एक पायलट की मौत की पुष्टि करनी पड़ रही है। इससे पहले शनिवार को लिंकनशायर पुलिस के एक प्रवक्ता ने घटना की जानकारी देते हुए कहा था कि एक 'एकल यात्री विमान' दुर्घटनाग्रस्त हुआ है, जिसमें किसी और के होने की संभावना नहीं है। अन्य सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि यह विमान अंतरराष्ट्रीय समय के मुताबिक 12.20 बजे से कुछ समय पहले दुर्घटनाग्रस्त हुआ। दुर्घटनाग्रस्त स्पिटफ़ायर विमान ब्रिटेन के युद्ध स्मारक कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचा था। यहां बतलाते चलें कि आरएएफ कॉनिंग्सबी बैटल ऑफ़ ब्रिटेन मेमोरियल फ़्लाइट का एक अड्डा है, जहां युद्धकालीन लड़ाकू और बमवर्षक विमानों को संग्रहित किया गया है। ये विमान एयर शो और युद्ध स्मारक प्रदर्शनों में हिस्सा लेते हैं।

## राफा में अभियान समाप्त करे इजरायल

लंदन। हम आपको एक ऐसे पक्षी के पंख के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसका एक छोटा सा पंख 23 लाख 66 हजार रुपये में नीलाम हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह पंख न्यूजीलैंड के हुइया पक्षी का है, जो दशकों पहले लुप्त हो चुका है। हुआया पक्षी को माओा, यह पंख अद्भुत स्थिति में था। अभी भी इसकी चमक अलग ही थी। कीड़ों से कोई नुकसान नहीं हुआ था। इसे यूवी सुरक्षात्मक ग्लास में फ्रेम करके रखा गया है। इसे सिर्फ म्यूजियम के लोगों को देखने की अनुमति थी, जिन लोगों के पास लाइसेंस था। ऐसे लोग कल्चर मिनिस्ट्री की अनुमति के बगैर देश छोड़कर नहीं जा सकते। मॉरिस ने कहा, हमें रिकॉर्ड संख्या में इसकी नीलामी के लिए आवेदन मिले।

## वानुआतू में लगे भूकंप के तेज झटके, कोई नुकसान नहीं

पोर्ट विला। दक्षिण प्रशांत द्वीप देश वानुआतू में रविवार को भूकंप के तेज झटके महसूस लगे। भूकंप से किसी प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग के मुताबिक भूकंप के झटके स्थानीय समयानुसार सुबह 9-23 बजे महसूस किए गए और इसकी तीव्रता 6.3 थी। भूकंप का केंद्र राजधानी पोर्ट विला से 83 किलोमीटर उत्तर पश्चिम में 29 किलोमीटर की गहराई में था। हवाई स्थित प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने कहा कि भूकंप से सुनामी का कोई खतरा नहीं है। भूकंप के झटके जोरदार और धीमे दोनों थे, लेकिन इससे पोर्ट विला को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

## ब्रिटेन में आईडी के जरिए वोट डालेंगे मतदाता, भारत में 31 साल पहले आईडी से डले थे वोट

लंदन। ब्रिटेन में पहली बार 4 करोड़ 70 लाख मतदाताओं के मतदाता आईडी कार्ड तैयार किए जा रहे हैं। 4 जुलाई को समय पूर्व मतदान होने वाला है। उसमें मतदाता को आईडी को दिखाना अनिवार्य किया गया है। ब्रिटेन में जो आईडी तैयार की गई है।उसमें मतदाता का फोटो अनिवार्य किया गया है। इस तरह की आईडी भारत में 31 साल पहले शुरू की गई थी। प्रधानमंत्री सुनक ने जनवरी माह में वोटर आईडी बनाने का निर्णय लिया था। लेकिन चुनाव तय समय से जल्दी हो रहे हैं। इसके लिए मतदाता परिचय पत्र के लिए फोटो युक्त 22 आईडी को जुलाई माह में हो रहे चुनाव के लिए मान्य किया गया है। ब्रिटेन में अभी तक मतदाता आईडी कार्ड बनकर तैयार नहीं हो पाए हैं। ब्रिटेन में 6 माह पहले से जो लोग रह रहे हैं। वह सभी वोट डाल सकेंगे। इसमें ब्रिटेन में पढ़ाई कर रहे छात्र और वर्क वीजा में गए हुए लोग भी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि भारत ब्रिटिश राष्ट्रमंडल का सदस्य देश है। जिसके कारण ब्रिटेन में 6 माह रहने पर उसे मतदान का अधिकार मिल जाता है।

## ऑस्ट्रेलिया में समुद्र में मिला बीजेपी नेता के बेटे का शव, कार को गैराज ले जाने निकला था फिर हो गया लापता

न्यूसाउथ वेल्स। तेलंगाना के शादनगर के रहने वाले आईटी पेशेवर अरविंद (30) का शव आस्ट्रेलिया के सिडनी में समुद्र से बरामद किया गया है। न्यू साउथ वेल्स में रह रहा अरविंद कार को गैराज ले जाने घर से निकला फिर लापता हो गया। अरविंद के रिश्तेदार कृष्णा ए. ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया के अधिकारियों ने उसकी मौत की जानकारी परिजनों को दी। साथ ही उन्होंने बताया कि मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं है और इस मामले में जांच की जा रही है। अरविंद बीजेपी नेता दिवंगत आरती कृष्ण यादव के इकलौते बेटे थे। अरविंद के परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों ने केंद्र सरकार से उसके पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द हैदराबाद लाने में मदद करने का अनुरोध किया है। अरविंद ऑस्ट्रेलिया में एक आईटी पेशेवर के रूप में कार्यरत था। वह 2017 से न्यू साउथ वेल्स में रह रहा था और करीब दो साल पहले उसकी शादी हुई थी। उसके रिश्तेदार ने कहा कि अरविंद और उसकी पत्नी भारत आने की योजना बना रहे थे और टिकट भी बुक हो चुका था, जबकि अरविंद की मां जो आस्ट्रेलिया में उनके साथ रह रहीं थी, हाल ही में भारत लौट आई थीं। अरविंद ने अपनी पत्नी से कहा था कि वह कार गैरेज में ले जा रहा है लेकिन उसके बाद वह लापता हो गया। अरविंद की पत्नी ने उसे फोन किया लेकिन कोई जवाब नहीं मिलने पर उसने 20 मई को न्यू साउथ वेल्स पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कृष्णा ने बताया कि बाद में अरविंद का शव सिडनी में एक समुद्र तट के पास मिला और डीएनए परीक्षण से पुष्टि हुई कि यह अरविंद का ही शव है। कृष्णा ने केंद्र सरकार से अरविंद के शव को घर वापस लाने के लिए का अनुरोध किया है। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने भी विदेश मंत्री एस जयशंकर से अरविंद के शव को जल्द से जल्द भारत वापस लाने में मदद करने का आग्रह किया है।

## अमेरिका में बदबू से बचने के लिए 54816 करोड़ की खुशबू बिकी

न्यूयॉर्क । अमेरिका में बड़ी तेजी के साथ डिओड्रेन्ट की मांग बढ़ती जा रही है।पिछले एक वर्ष में अमेरिका में 54816 करोड रुपए का डिओडरेंट अमेरिका के लोगों ने खरीदा। अमेरिका की जनसंख्या से प्रति व्यक्ति के रूप में विभाजित किया जाए। तो प्रति व्यक्ति 1600 रुपए बदबू से बचने के लिए अमेरिकी नागरिकों ने खर्च किया है। अमेरिका की यूरो मॉनिटर शोध फर्म के अनुसार मार्च माह तक यहां पर शरीर पर लगाने वाले डिओडरेंट मांग तेजी से बढी है। बदबू से बचने के लिए यह सबसे बड़ा खर्च है। गूगल सर्च इंजन में डिओडरेंट की खोज करने वाले की संख्या भी बड़ी तेजी के साथ बढ़ी है।

## चीन के राष्ट्रपति को विद्रोह का डर, बच्चों तक की कराई जा रही है जासूसी

बीजिंग। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के खिलाफ विद्रोह बढ़ता जा रहा है।इसको देखते हुए चीन की सरकार ने स्कूल एवं कॉलेज के बच्चों, प्रिंसिपल, रिटायर्ड जजों और नागरिकों की जासूसी शुरू कर दी गई है। चीन की सरकार ने पुलिस अधिकारियों को जासूसी की जिम्मेदारी सौंपी है। स्कूल में पुलिस अधिकारियों को प्रिंसिपल आफ लॉ बनाया गया है। पुलिस द्वारा स्थानीय नागरिकों, छात्रों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों तथा दुकानदारों पर पल-पल की जानकारी ली जा रही है। जिन लोगों के ऊपर शक है। उन्हें सर्विलांस पर रखा गया है। जिन परिवारों को शी जिनपिंग का समर्थक पाया गया। उनके घरों पर हरे निशान लगाए गए हैं। जिन परिवारों के लोगों की सोच शी जिनपिंग से नहीं मिलती है। उनकी पहचान के लिए पीले रंग का इस्तेमाल किया जा रहा है। जो परिवार या व्यक्ति शी जिनपिंग का विरोध करते हैं।उनके लिए गुलाबी रंग का इस्तेमाल किया जा रहा है। पुलिस ने रंग के आधार पर चीन के परिवारों और नागरिकों को विभाजित कर, उनकी जासूसी की जा रही है। पुलिस रिकॉर्ड में जिन्हें गुलाबी रंग से पहचान गया है। उनके ऊपर जासूसी की जा रही है। उन पर कठोर नियंत्रण भी किया जा रहा है। चीन ने देश की आखरी मस्जिद द ग्रैंड मॉस्क की गुंबद को भी तोड़कर हटा दिया है। सरकार ने मीनारो को हटाकर पैगोड़ा टावर जैसा निर्माण किया है।



कनाडा में हायक इंटरनेशनल परेड के दौरान विंटेज साइकिल चलाता हुआ एक कलाकार।

## मालदीव के साथ एफटीए को लेकर भारत कर रहा प्रयास : सईद

माले। भारत ने दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के प्रयास शुरू कर दिए हैं और इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विचार-विमर्श चल रहा है। मालदीव के आर्थिक विकास और व्यापार मंत्री मोहम्मद सईद ने यहां कहा कि भारत चाहता हैं कि दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार समझौता (साफ्टा) के अलावा मालदीव के साथ अलग से एक मुक्त व्यापार समझौता किया जाए। सईद ने कहा कि मालदीव के राष्ट्रपति ने सभी देशों को यह अवसर दिया है और सरकार का लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा देशों के साथ समझौते करना है, ताकि व्यापार गतिविधियों में सुगमता लाई जा सके। मालदीव के



साथ एफटीए की मांग को लेकर भारत का प्रयास पिछले साल नवंबर से दोनों देशों के बीच चल रहे राजनयिक विवाद की पृष्ठभूमि में आया है। अपने चीन समर्थक रुख के कारण मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू ने पिछले साल नवम्बर में पद की शपथ ली थी। भारत और मालदीव के बीच 1981 का व्यापार समझौता जरुरी वस्तुओं के निर्यात का प्रावधान करता है। एक रिकॉर्ड के मुताबिक मामूली शुरुआत से बढ़ते हुए, भारत-मालदीव द्विपक्षीय व्यापार 2021 में पहली बार 30 करोड़ डॉलर डालर को पार कर गया था, जो 2022 में 50 करोड़ डॉलर तक पहुंच गया है।

# हमास की अल कसम बिग्रेड ने इजरायली सैनिकों के छक्के छुड़ा दिए


### – हमास ने कई इजरायली सैनिकों को पकड़ने का भी दावा किया

**तेल अवीव (एजेंसी)।** इजरायल और हमास आतंकियों के बीच भीषण लड़ाई को 200 से ज्यादा दिन हो गए हैं। हमास की अल कसम ब्रिगेड का कहना है कि उसके लड़ाकों ने उत्तरी गाजा के जबलिया में लड़ाई के दौरान इजरायली सैनिकों के छक्के छुड़ा दिए। इसमें कई इजरायलियों को उल्टे पांव भागना भी पड़ा। हमास ने कई इजरायली सैनिकों को पकड़ने का भी दावा किया है। हालांकि हमास के दावे को झूठा बताते हुए इजरायल का कहना है कि वह हमास के दावे को सही नहीं मानता। हमास ने अपने दावे की पुष्टि करने के लिए कुछ वीडियो भी जारी किए हैं। अल क़सम ब्रिगेड के प्रवक्ता अबू उबैदा ने रविवार को अल जजीरा में एक रिकॉर्ड संदेश में कहा कि हमारे लड़ाकों ने यहूदी सेना को एक सुरंग के अंदर घात लगाकर हमला करने के लिए उकसाया। भीषण लड़ाई में आईडीएफ के सभी सदस्यों को हमने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। कई मारे गए, कुछ उल्टे पांव भाग गए और कुछ पकड़े गए हैं। उधर, इजरायली सेना ने हमास की सशस्त्र शाखा के दावे का खंडन किया है। सेना ने एक बयान में कहा कि आईडीएफ (इजरायली रक्षा बल) स्पष्ट करता है कि ऐसी कोई घटना नहीं है जिसमें किसी सैनिक का अपहरण किया गया हो। हमास ने एक वीडियो जारी किया जिसमें खून से लथपथ एक व्यक्ति को सुरंग में जमीन पर घसीटते हुए देखा जा सकता है। हालांकि



एजेंसी रॉयटर्स ने वीडियो की पुष्टि नहीं की है। अबू उबैदा की यह टिप्पणी गाजा युद्धविराम वार्ता फिर से शुरू होने की संभावना के कुछ घंटों बाद आई है। मामले की जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने बताया कि इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद के प्रमुख की सीआईए प्रमुख और कतर के प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद अगले हफ्ते बातचीत फिर से शुरू करने का फैसला लिया गया है। उधर, हमास के एक अधिकारी ने बाद में इजरायली मीडिया रिपोर्टों का खंडन किया कि युद्धविराम वार्ता मंगलवार को काहिरा में फिर से शुरू होगी, उन्होंने बताया कि अभी कोई तारीख तय नहीं की गई है। गौरतलब है कि गाजा में सात महीने से अधिक समय तक चल रहे युद्ध के बाद भी इजरायल और हमास के बीच भयंकर युद्ध जारी है। इजरायल अपने लोगों की रिहाई की मांग लगातार उठा रहा है और गाजा के बाद राफा में युद्ध जारी रखे हुए है। इजरायली हमले में लगभग 36,000 फिलिस्तीनी मारे गए हैं।

## चीन और नेपाल ने पारंपरिक सीमा व्यापार केंद्रों को खोला



### –द्विपक्षीय आर्थिक और व्यापार संबंधों को बढ़ाने की दिशा में अच्छा कदम

**ल्हासा (एजेंसी)।** चीन और नेपाल ने अपने पारंपरिक सीमा व्यापार केंद्रों को फिर से खोल दिया, जो द्विपक्षीय आर्थिक और व्यापार संबंधों को बढ़ाने की दिशा में एक अच्छा कदम है। एक रिपोर्ट के मुताबिक जेनतांग व्यापार केंद्र पर 110 चीनी व्यापारी और 47 नेपाली व्यापारी 50 से अधिक प्रकार के सामानों के लेनदेन में लगे हुए थे, जिनमें रोजमर्रा की चीजों की निर्माण सामग्री, भोजन और पेय पदार्थ, कृषि उत्पाद और नेपाली हस्तशिल्प शामिल थे। झोंगबा, सागा, ग्यिरॉन्ग और न्यालम जैसी काउंटियों में अन्य पारंपरिक स्थलों पर भी व्यापार गतिविधियां फिर से शुरू हो गईं।

भारत, नेपाल और भूटान की सीमा से लगा और पांच व्यापारिक भूमि बंदरगाहों की मेजबानी करने वाला जिगाजे दक्षिण एशिया के लिए चीन के लिए एक महत्वपूर्ण शहर है। पारंपरिक सीमा व्यापार ने लंबे समय से सीमावर्ती निवासियों की आजीविका का समर्थन किया है और सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास और समृद्धि को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

फेंग ने कहा कि हम सीमा व्यापार बुनियादी ढांचे में सुधार करने और चीन और नेपाल के बीच आर्थिक और व्यापार आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की योजना तैयार कर रहे हैं। जिजांग ने पिछले साल 175 देशों और क्षेत्रों के साथ व्यापार किया। नेपाल से इसका आयात और निर्यात, इसके सबसे बड़े व्यापारिक भागीदार को मिलाकर करीब 2.77 अरब युआन (करीब 389.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था, जो साल दर साल 77.2 फीसदी ज्यादा था।

## राफा में अभियान समाप्त करे इजरायल, स्पेन का नेतन्याहू को सख्त संदेश संरा न्यायालय के फैसले को लागू करे

**मैड्रिड (एजेंसी)।** स्पेन ने इजराइल से संयुक्त राष्ट्र के न्यायालय के फैसले को लागू करने और राफा में सैन्य अभियान समाप्त करने को कहा है। आईसीजे के अध्यक्ष नवाफ सलाम ने पहले ही कहा था कि इजराइल को दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा में अपना सैन्य अभियान बंद करना होगा।

स्पेन के विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बेरेस ने इजराइल से राफा में जारी सैन्य अभियान को समाप्त करने और अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) के फैसले को लागू करने का आह्वान किया है। गौरतलब है कि आईसीजे अध्यक्ष नवाफ सलाम शुक्रवार को कह चुके हैं कि इजराइल को दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा में अपना सैन्य अभियान बंद करना होगा। न्यायाधीश का कहना है, कि नरसंहार के आरोपों की जांच कर रही टीमों के साथ-साथ मानवीय सहायता के लिए एन्क्लेव तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित होनी चाहिए। राफा में इजराइल की आक्रामकता को समाप्त करने सहित अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के एहतियाती उपाय इजराइल को अनिवार्य रुप से मानने होंगे। उनका कहना था कि यही बात युद्ध विराम, बंधकों की रिहाई और मानवीय सहायता पहुंच पर भी लागू होती है। आईसीजे के मुताबिक गाजावासियों की पीड़ा समाप्त होनी चाहिए और हिंसा रोकी जानी चाहिए।


यहां स्पेन की रक्षा मंत्री मार्गरीटा रोबल्स का कहना था कि गाजा की स्थिति यथार्थ में नरसंहार ही है। एक बातचीत के दौरान रोबल्स ने कहा, कि दुनिया में जो कुछ भी घटित हो रहा है, उस पर स्पेन की हमेशा से कड़ी नजर है। हम यह नहीं भूल सकते कि यूक्रेन में लोग मारे जा रहे हैं, वहां भी एक भयानक युद्ध चल रहा है और गाजा में जो हो रहा है, उसे भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, जो वाकई एक नरसंहार है। अंततः रोबल्स ने कहा कि स्पेन और उसके सशस्त्र बल शांति के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन से तबाही: अब तक 670 लोगों के जिंदा दफन होने की आशंका

### –राहत और बचाव कार्य में आ रही दिक्कत

**पोर्ट मोरेस्बी (एजेंसी)।** पापुआ न्यू गिनी के एंगा प्रांत के यमबली गांव में बड़े पैमाने पर हुए भूस्खलन के बाद करीब 670 लोगों की मौत हो गई। एक अनुमान के मुताबिक भूस्खलन में डेढ़ सौ से अधिक घर जमींदोज हो चुके हैं।

संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी के अधिकारी सेरहान एक्टोप्राक ने रविवार को बताया कि बड़े पैमाने पर भूस्खलन हुआ जिसमें अनुमानतः150 से अधिक घर दफन हो गए हैं। इसमें करीब 670 से अधिक लोगों की जान जाने की आशंका जाहिर की गई है। पापुआ न्यू गिनी की राजधानी पोर्ट मोरेस्बी में रहने वाले एक्टोप्राक ने एक बातचीत के दौरान कहा कि घटनास्थल के हालात भयानक हैं क्योंकि जमीन लगातार धंसती जा रही है, जमीन



खिसक रही है और पानी बह रहा है। इस कारण वहां मौजूद प्रत्येक व्यक्ति के लिए खतरा बना हुआ है।

स्थानीय अधिकारियों ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया था कि 100 या उससे अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि रविवार तक केवल पांच शव और छठवें एक पीड़ित का पैर बरामद किया गया था। बताया जा रहा है कि लगातार भूमि में हलचल होने के चलते गांव से करीब 1,000 से अधिक लोग विस्थापित हो गए हैं। भूस्खलन के कारण पानी की सप्लाई पूरी तरह चौपट हो चुकी है। मिट्टी के नीचे दबे शवों को निकालने के लिए लोग लकड़ी, फावड़े, बड़े कृषि कांटे का प्रयोग कर रहे हैं। बावजूद इसके बचाव टीम को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एक्टोप्राक के अनुसार बचाव दल ने अब मलबे के नीचे किसी के जीवित होने की उम्मीद छोड़ दी है। इस कारण चारों ओर शोक और मातम देखने को मिल रहा है। आपातकालीन कर्मचारियों ने रविवार को जीवित बचे लोगों को सुरक्षित स्थलों की ओर ले जाने का काम शुरू कर दिया है. क्योंकि देश के ऊपरी इलाकों में भूमि में हलचल बनी हुई है। मानवीय एजेंसी केयर इंटरनेशनल के कंट्री निदेशक जस्टिन मैकमोहन का कहना है कि जीवित बचे लोगों को भोजन, पानी और रहने के लिए जगह उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता है। यहां बतलाते चलें कि पोर्ट मोरेस्बी से तकरीबन 6 सौ किलोमीटर दूर स्थित उत्तर-पश्चिम के एंगा प्रांत में शुक्रवार को भूस्खलन हुआ था, जिसमें सैकड़ों लोग जमीन के अंदर दब गए और अब 670 लोगों के मारे जाने की दुखद खबर है।

# म्यांमार में हिंसा के चलते करीब 45 हजार रोहिंग्या ने छोड़ा घर

### –आराकान आर्मी ही कर रही लोगों की हत्या

**नेपीडॉ, (एजेंसी)।** म्यांमार में तख्तापलट के बाद से ही अशांति फैली है। हिंसा के चलते अब तक करीब 45 हजार रोहिंग्या अपना घर छोड़कर यहां से जा चुके हैं। म्यांमार के राखाइन समेत आसपास के प्रांतों में हिंसा के चलते बड़ी संख्या में रोहिंग्या पलायन कर गए। रोहिंग्या पर संकट तब और बढ़ गया जब आराकान आर्मी ने म्यांमार की सेना और पुलिस को निशाना बनाया। वैसे तो आराकान आर्मी खुद को रोहिंग्या मुसलमानों की हितैसी बताती है।

बता दें कि म्यांमार में बहुसंख्यक बौद्ध रोहिंग्या मुसलमानों को बाहरी मानते हैं। वहीं आराकान आर्मी का दावा है कि वह राखाइन प्रांत के लोगों के लिए लड़ाई लड़ता है। यहां करीब 6 लाख रोहिंग्या मुसलमान रहते थे। अब तक 20 लाख से ज्यादा रोहिंग्या बांग्लादेश या सीमाई इलाकों में शिफ्ट हो चुके हैं। यूएन राइट्स ऑफिस के प्रवक्ता एलिजाबेथ थ्रोसेल ने बताया कि बुथिदाउंग और माउंगदा में हाल ही में हुई हिंसा के बाद 10 हजार से ज्यादा रोहिंग्या यहां से जा चुके हैं। करीब 45 हजार रोहिंग्या नफ नदी के इलाके में बांग्लादेश की सीमा पर चले गए हैं और वे सुरक्षा की तलाश कर रहे हैं। रोहिंग्या अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक नागरिकों की सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। बांग्लादेश में बड़ी संख्या मे रोहिंग्याओं को शरण मिली हुई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक म्यांमार की सीमा पर अभी बहुत सारे रोहिंग्या फंसे हैं। यहां मानवाधिकारों की कोई वैल्यू नहीं रही है। बहुत सारे लोगों के सिर धड़ से अलग कर दिए गए।

आराकान आर्मी ने दावा किया था कि पूरे शहर पर उसका कब्जा हो गया है। इसके बाद यहां आगजनी और हत्या के मामले सामने आए। बताया जा रहा है कि आराकान आर्मी ने ही लोगों की हत्या की है। आराकान आर्मी ने धमकी दी है कि अगर रोहिंग्या उनका साथ नहीं देंगे तो उनका पूरा गांव जला दिया जाएगा। आराकान आर्मी एक इस्लामिक संगठन है। हालांकि यह खुद को सेक्युलर बताता है। यह संगठन पुलिस और सेना पर हमला करता है। कराची में जन्मा अताउल्लाह अबू इसका लीडर है।



# टी20 विश्व कप : रोहित के नेतृत्व में टीम इंडिया का पहला दस्ता अमेरिका रवाना

**मुंबई (एजेंसी)।** रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारतीय टीम का पहला दस्ता आईसीसी टी20 विश्व कप शुरू के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका रवाना हो गया है। इस दल में रोहित के अलावा तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव भी शामिल हैं। इसे अलावा इस दल में कप्तान में मुख्य कोच राहुल द्रविड़, बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़, बल्लेबाज शुभमन गिल, ऑलराउंडर रवींद्र जड़ेजा और शिवम दुबे व तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, खलील अहमद, स्पिनर कुलदीप यादव और अक्षर पटेल भी शामिल थे। इन सभी खिलाड़ियों ने मुंबई एयरपोर्ट पर फोटो सेशन भी कराया। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने सोशल मीडिया पर फोटो सेशन की एक तस्वीर भी साझा की है।

इस पहले जत्थे में अनुभवी बल्लेबाजी विराट कोहली, यशस्वी जयसवाल, संजू सैमसन, युजवेंद्र चहल जैसे खिलाड़ी शामिल नहीं थे। यशस्वी , सैमसन और चहल आईपीएल फाइनल के कारण नहीं जा पाये जबकि विराट के दस्तावेज का काम पूरा नहीं हुआ था। भारतीय टीम

अपने टी20 विश्व कप अभियान की शुरुआत 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ मुकाबले से करेगी। इस टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान का मुकाबला 9 जून को होगा।



## विश्व कप क्वालीफिकेशन के लिए भारत-कुवैत का मैच 6 जून को



**–भारतीय फुटबाल टीम के कप्तान सुनील छेत्री खेलेंगे करियर का विदाई मैच**

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** भारतीय फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमक को उम्मीद है कि पूरे देश से दर्शक छह जून को कुवैत के खिलाफ विश्व कप क्वालीफिकेशन मैच देखने कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम में उमड़ेंगे जो करिश्माई भारतीय टीम के कप्तान सुनील छेत्री के करियर का विदाई मैच होगा। कुवैत के खिलाफ इस मैच से छेत्री के 19 साल के करियर का समापन होगा, जिसके दौरान वह 94 गोल कर भारत के शीर्ष गोल स्कोरर बने हैं। इस विदाई मैच के बाद 151 मैच खेलने वाले वह भारत के पहले खिलाड़ी हो जाएंगे। कुवैत से भारत जीतता है तो वह इतिहास में पहली बार विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में पहुंचने के लिए मजबूत स्थिति में होगा।

उन्होंने कहा इस मैच को देखते हुए जिसमें हम पहली बार तीसरे दौर के लिए क्वालीफाई करने से महज एक जीत दूर हैं और यह सुनील छेत्री का विदाई मैच भी है तो हम उम्मीद करते हैं कि फुटबाल प्रेमियों से स्टेडियम खचाखच भरा होगा और दर्शक हमारे खिलाड़ियों को मैच जीतने में मदद करेंगे और सुनील को शुक्रिया और अलविदा कहेंगे। मुझे पूरा भरोसा है कि यह काफी भावनात्मक पल होगा और उम्मीद हैं कि हम मैच खत्म हाने के बाद एकसाथ जश्न मनाने का तरीका ढूंढ लेंगे।

उन्होंने कहा कि टीम करीब दो हफ्तों से ट्रेनिंग ले रही हैं और 29 मई को कोलकाता पहुंचेगी। खिलाड़ी अच्छा कर रहे हैं। यह कई बार साबित हो चुका है कि लंबा शिविर हमेशा हमारे लिए मददगार साबित हुआ है। हम खेल के कई पहलुओं पर काम कर रहे हैं जिसमें रक्षात्मक और आक्रामक पहलू भी शामिल है।

## मुझे आपकी याद आती है, बाबा- पिता की 25वीं पुण्यतिथि पर भावुक हुए सचिन तेंदुलकर



**मुंबई (महाराष्ट्र) (एजेंसी) ।** महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने रविवार को अपने पिता रमेश तेंदुलकर की 25वीं पुण्य तिथि पर एक भावुक नोट लिखकर उन्हें याद किया है। तेंदुलकर ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर कहा कि ऐसा लगता है कि उनके पिता उनके साथ हैं। 51 वर्षीय ने उस समय को भी याद किया जब वह 26 वर्ष के थे जब उनके पिता की मृत्यु हो गई थी। तेंदुलकर को भी उम्मीद है कि वह अपने पिता के मूल्यों पर खरा उतर रहे हैं।

तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा- बाबा को हमें छोड़े हुए 25 साल हो गए हैं, लेकिन आज अपनी पुरानी कुर्सी पर खड़े होकर ऐसा लगता है जैसे वह अभी भी यहीं हैं। मैं उस समय केवल 26 साल का था। अब 51 साल की उम्र में मैं और भी स्पष्ट रूप से देखता हूं कि उनका मेरे जीवन और कई अन्य लोगों के जीवन पर कितना प्रभाव था। 43 वर्षों के बाद उनकी 25वीं पुण्य तिथि पर इस स्थान पर आना अविश्वसनीय रूप से भावनात्मक था। उनकी बुद्धिमत्ता और दयालुता मुझे हर दिन प्रेरित करती रहती है। बाबा मुझे आशा है कि आपने मुझमें जो मूल्य पैदा किए हैं मैं इस पर खरा उतरूंगा।

# वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका को दूसरे टी20 में हराया, रॉस्टन, ब्रैंडन और गुडाकेश चमके

**किंगस्टन (एजेंसी)।** रॉस्टन चेज नाबाद (67) और कप्तान ब्रैंडन किंग (36) की शानदार बल्लेबाजी और उसके बाद गुडाकेश मोती की 22 रन पर तीन विकेट की घातक गेदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने दूसरे टी-20 में मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 16 रन से हरा दिया है। इसी के साथ वेस्टइंडीज तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है।





शनिवार देर रात सबाइना पार्क में 208 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ने शानदार तूफानी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 81 रन जोड़े। पांचवें ओवर में अकील हुसैन ने क्विंटन डिकॉक को बोल्ड कर वेस्टइंडीज को पहली सफलता दिलाई। क्विंटन डिकॉक ने 17 गेंदों में चार चौके और चार छक्कों की मदद से 41 रन बनाये। अगले ही ओवर में रॉस्टन चेज ने रीजा हेंड्रिक्स को बोल्ड कर वेस्टइंडीज की झोली में दूसरा विकेट झटकते हुए दक्षिण अफ्रीका की रनों की रफ्तार को लगाम लगा दी। रीजा हेंड्रिक्स ने 18 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुए 34 रन बनाये। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका का कोई भी बल्लेबाज वेस्टइंडीज के गेंदबाजों के आगे नहीं टिक सका। रायन रिकलटन (17) और मैथ्यू ब्रीत्जके (12) एंडिले फेहुक्वायो (3), वियान मुल्डर (9) और कप्तान रासी वान दर दुसें (30) रन बनाकर आउट हुए। ब्योर्न फार्टन (9) और एन पीटर (10) रन बनाकर नाबाद रहे। दक्षिण अफ्रीका की टीम निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 191 रन ही बना सकी और 16 रन से मुकाबला हार गई। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर में जॉनसन चार्ल्स (7) का विकेट गवां दिया। इसके बाद कप्तान ब्रैंडन किंग और काइल मेयर्स ने पारी को संभाला। सातवें ओवर में पीटर ने ब्रैंडन किंग को आउट कर वेस्टइंडीज को दूसरा झटका दिया। उन्होंने 22 गेदों में 36 रन बनाए। काइल मेयर्स 16 गेंदों में (32), आंद्रे फ्लेचर 18 गेंदों में (29), रोमारियो शेफड 13गेंदों में (26) रन बनाकर आउट हुये। फ़ेबियन ऐलेन और अकील हुसैन अपना खाता भी नहीं खोल सके। रॉस्टन चेज ने 38 गेंदों में सात चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद (67) रनों की पारी खेली। वेस्टइंडीज ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 207 रनों का स्कोर खड़ा किया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से लुंगिसानी एनगिडी, एन पीटर और एंडिले फेहुक्वायो ने दो-दो विकेट लिये। ब्योर्न फोर्टन ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## नीरज चोपड़ा चोटिल, ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक में नहीं खेलेंगे

नई दिल्ली। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा दो सप्ताह पहले अभ्यास के दौरान मांसपेशी में लगी चोट के कारण चेक गणराज्य में 28 मई को होने वाली ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक 2024 एथलेटिक्स मीट में भाग नहीं ले सकेंगे। चोपड़ा ने इस सत्र में दो स्पर्धाओं दोहा डायमंड लीग और फेडरेशन कप में भाग लिया है। वह अतिथि के तौर पर इस टूर्नामेंट में पहुंचेंगे। आयोजकों ने एक बयान में कहा, 'चोपड़ा को दो सप्ताह पहले अभ्यास के दौरान मांसपेशी में चोट लगी थी जिसकी वजह से वह ओस्ट्रावा में नहीं खेल सकेंगे लेकिन अतिथि के तौर पर यहां आएंगे।' मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैम्पियन चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में रजत पदक जीता और भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में स्वर्ण पदक हासिल किया था। आयोजकों ने कहा कि उन्हें चोपड़ा का मैसेज मिला था जिसमें उन्होंने स्पर्धा से नाम वापस लेने की जानकारी दी। चोपड़ा की जगह जर्मनी के जूलियन वेबर इसमें खेलेंगे।



## मुझे बना दो भारतीय क्रिकेट टीम का कोच : माइकल वॉन

नई दिल्ली। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने खुद सोशल मीडिया पर भारतीय टीम का कोच बनने की इच्छा जाहिर की है। इससे पहले बीसीसीआई ने टीम इंडिया के पूर्व ओपनर गौतम गंभीर सें संपर्क किया है। गंभीर इस समय केकेआर टीम को कोचिंग दे रहे हैं। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि आईपीएल फाइनल के बाद गंभीर इसपर फैसला ले सकते हैं। सोशल मीडिया एक्स पर कोच राहुल द्रविड़, मुख्य सेलेक्टर अजीत अगरकर और कप्तान रोहित शर्मा एक फोटो अपलोड करते हुए लिखा, 'आप इंडिया का अगला कोच किसे बनते हुए देखना चाहते हैं? इसपर माइकल वॉन ने इस पोस्ट को रिट्वीट करते हुए एक इंसते हुए इमोजी के साथ लिखा, ' मी मतलब मैं।' इसके बाद सोशल मीडिया पर कॉमेंट की बाढ़ सी आ गई।माइकल वॉन के इस ट्वीट पर एक यूजर ने लिखा, ' क्यों नहीं। एक क्लासी क्रिकेटर और शानदार कप्तान को लाओ। रिकॉर्ड बोलते हैं। 2005 की एशेज सीरीज अभी तक जेहन में है।' दूसरे यूजर ने लिखा– 'सेल्फ कॉन्फिडेंस।' पाकिस्तानी जर्नलिस्ट ने माइकल वॉन को ट्रोल कर दिया। पाक पत्रकार फरीद खान ने लिखा, ' माइकल, उन्हें एक ऐसा कोच चाहिए जो कम से कम वनडे में एक शतक जड़ा हो।' बीसीसीआई ने कोच के लिए जो आवेदन जारी किए हैं उसमें सैलरी के बारे में नहीं बताया गया है। लेकिन वर्तमान में राहुल द्रविड़ को बीसीसीआई सैलरी के तौर पर सालाना लगभग 10 करोड़ रुपये दे रही है। इसका मतलब ये हुआ कि हर महीने द्रविड़ की सैलरी 8.34 लाख के आसपास है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बीसीसीआई इससे पहले रवि शास्त्री को सालाना साढ़े नौ करोड़ सैलरी देती थी। मालूम हो कि भारतीय क्रिकेट टीम का अगला हेड कोच कौन होगा, इसपर अगले कुछ दिन में फैसला हो जाएगा।



# पीवी सिंधू को मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में वांग ने हराया

**कुआलालंपुर (एजेंसी) ।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू का पिछले दो साल से चला आ रहा खिताब का इंतजार और लंबा हो गया क्योंकि उन्हें मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में रविवार को यहां विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज चीन की वांग झी यी से हार का सामना करना पड़ा। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता सिंधू तीन गेम तक चले 79 मिनट के मुकाबले के निर्णायक गेम में 11-3 की बड़ी बढ़त बनाने के बावजूद 21-16 5-21 16-21 से हार गई। विश्व रैंकिंग में 15 वें स्थान पर काबिज सिंधू इससे पहले 2022 सिंगापुर ओपन खिताब अपने नाम करने में सफल रही थी और पिछले साल मैड्रिड स्पेन मास्टर्स में उपविजेता रही थी। सिंधू अगर चैम्पियन बनती तो सोने पर सुहागा होता लेकिन फाइनल तक के सफर में इस प्रभावशाली प्रदर्शन से पेरिस ओलंपिक से पहले उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। यह एक वर्ष से अधिक समय में किसी बीडब्ल्यूएफ टूर पर उनका पहला फाइनल था। सिंधू मैच के अधिकांश मौजूदा एशियाई चैंपियन वांग के खिलाफ दबदबा बनाने में सफल रही लेकिन निर्णायक गेम में ब्रेक के बाद उन्होंने लय गंवा दी और वांग ने शानदार वापसी कर जीत दर्ज की। दिलचस्प बात यह है कि सिंधू ने अपना पिछला फाइनल सिंगापुर ओपन में वांग के खिलाफ ही जीता था। वह हालांकि पिछले साल आर्कटिक ओपन में वांग से हार गई थीं, लेकिन उन्होंने इससे पहले तीन मुकाबलों में चीन की खिलाड़ी को दो बार हराया था। सिंधू ने पिछले काफी समय से कैरोलिना मारिन, ताई त्जु यिंग, चेन यू फेई और अकाने यामागुची जैसी बड़ी खिलाड़ियों को हराने में विफल रही है और पेरिस ओलंपिक में उन्हें इन खिलाड़ियों के कड़ी चुनौती मिल सकती है। फाइनल में पहुंचने के कारण सिंधू का आत्मविश्वास जरूर बढ़ेगा। सिंधू अब मंगलवार से शुरू होने वाले सिंगापुर ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगी।



## दमखम और कौशल पर काम कर रही है मुक्केबाज नीतू, लॉस एंजिलिस ओलंपिक पर नजरें





नई दिल्ली - झटकों से विचलित हुए बिना भारतीय मुक्केबाज नीतू गंघास अपने दमखम और कौशल पर मेहनत करते हुए इस साल विश्व चैम्पियनशिप और 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक की तैयारी कर रही हैं। नीतू ने 48 किलो वर्ग में शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन यह श्रेणी ओलंपिक में शामिल नहीं है। उसने 2022 राष्ट्रमंडल खेल और 2023 विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। निकहत जरीन ने 50 किलो वर्ग में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है जिससे नीतू को 54 किलो में जाना पड़ा। वह हालांकि नये वर्ग में एशियाई खेलों (पहले ओलंपिक क्वालीफायर) की टीम में जगह नहीं बना सकी चूंकि प्रीति पंवार का स्कोर बेहतर था। प्रीति ने एशियाई खेलों से ही पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल किया। नीतू ने भारतीय खेल प्राधिकरण के 'फिट इंडिया चैम्पियंस' पॉडकास्ट में कहा, 'मैं कदम दर कदम रणनीति बनाऊंगी और 54 किलो वर्ग में मजबूत होने की कोशिश करूंगी।' उन्होंने कहा, 'मेरा लक्ष्य कजाखस्तान में अक्टूबर में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप और लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 भी है। बचपन से मैं हमेशा जीतना चाहती रही हूं। मैने कई विषमताओं और निराशाओं से निकलकर यहां तक का सफर तय किया है और अब आगे की ओर देख रही हूं।' भारत की निकहत जरीन (50 किलो), प्रीति (54 किलो) और लवलीना बोरगोहेन (75 किलो) पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर चुकी है। नीतू ने कहा, 'मुझे लगता है कि ये तीनों ही पदक जीत सकती हैं। ये सभी जुझारू हैं और इनके पास अपार अनुभव है।'

# टी20 विश्व कप की स्पेशल टीम में शामिल हुए कार्तिक बोले-उत्साहित हूं

**–कॉमेंटेटर्स की सूची जारी, स्टीव स्मिथ, एरोन फिंच को भी मिला मौका**

**नई दिल्ली(एजेंसी) ।** आईसीसी टी20 वर्ल्डकप 2024 का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। टी20 वर्ल्डकप का शुभारंभ अमेरिका और कनाडा के मैच से होगा। भारतीय टीम अपना पहला मैच 5 जून को आयरलैंड के साथ खेलेगी। इस विश्व कप से पहले आईसीसी ने टी20 विश्व कप के लिए कॉमेंटेटर्स की लिस्ट जारी कर दी है। आईसीसी ने इस लिस्ट में दिनेश कार्तिक, स्टीव स्मिथ, एरोन फिंच जैसे प्लेयर्स को मौका दिया है।

सूची जारी होने के बाद दिनेश कार्तिक ने कहा कि यह टूर्नामेंट कई मामलों में अलग है। यह सभी को उत्साहित करता है। 20 टीमें 55 मैच और नई जगह। सच में यह कमाल का होने वाला है। दिनेश ने कहा कि वह इसमें शामिल होने के लिए उत्साहित हैं। एरोन फिंच ने इसपर कहा कि यह एक स्पेशल इवेंट है। 20 टीमों के बीच यह कमाल का होने वाला है। कई शानदान मैच देखने को मिलेंगे। मैं आज भी गर्व महसूस करता हूं जब मैंने 2021 में टीम को चैंपियन बनाया था।



वहीं डेल स्टेन ने कहा कि टी20 विश्व कप, अपने नए प्रारूप और टीमों की प्रतिस्पर्धा के साथ, खेल को फैलाने का एक शानदार मौका है। उन्हें यकीन है कि पुराने और नए दोनों क्रिकेट फैंस इसकी शुरुआत के लिए उत्साहित होंगे। मैं हर टीम पर करीब से नजर रखूंगा और इसमें आने वाली अलग-अलग रणनीति को देखना दिलचस्प होगा। विश्व कप के लिए कॉमेंटेटर्स की सूची में रवि शास्त्री, नासिर हुसैन, इयान स्मिथ, मेल जोन्स, हर्षा भोगले और इयान बिशप, डेल स्टेन, वसीम अकरम, ग्रीम स्मिथ, माइकल एथरटन, वकार यूनिस, साइमन डोल, शॉन पोलक, रिकी पोंटिंग, सुनील गावस्कर, मैथ्यू हेडन, रमिज़ राजा, इयोन मोर्गन, टॉम मूडी, स्टीव स्मिथ, डेल स्टेन, एरोन फिंच और दिनेश कार्तिक शामिल हैं।

# भारत ने पहली बार 2007 में जीता था टी20 वर्ल्ड कप

**–प्रशंसकों को रोहित ब्रिगेड से है इतिहास दोहराने की उम्मीद**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने पहली और आखिरी बार 2007 में टी20 वर्ल्ड कप जीता था। इसके बाद से 7 टी20 वर्ल्ड कप खेले गए, लेकिन खिताब भारत से दूर ही रहा। भारतीय टीम जब रोहित शर्मा की अगुआई में आगामी टी20 विश्व कप के लिए अमेरिका और वेस्टइंडीज जाएगी तो उसकी नजरें दूसरे खिताब के लंबे इंतजार को खत्म करने पर टिकी होंगी।

टी20 वर्ल्ड कप पहली बार 2007 में खेला गया, जब भारत एमएस धोनी की कप्तानी में चैंपियन बना। भारत इसके बाद सिर्फ एक बार 2014 में टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंच पाया। तब उसे श्रीलंका के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। खिताब का यह सूखा अन्य फॉर्मेट में भी दिखता है। भारत ने आखिरी बार आईसीसी ट्रॉफी 2013 में जीती थी। तब उसने चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। भारत ने वनडे वर्ल्ड कप में पिछला खिताब 2011 में जीता था। भारतीय टीम इसके बाद एक बार वनडे वर्ल्ड कप और दो बार वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल भी हार चुकी है। एक अरब 40 करोड़ की जनसंख्या वाले क्रिकेट के दीवाने देश के क्रिकेट फैंस के लिए वर्ल्ड कप 2023 की हार पचा पाना आसान नहीं था क्योंकि टीम इंडिया अपने सभी 10 मैच जीतकर फाइनल में पहुंची थी। भारतीय टीम अब 5 जून से रोहित शर्मा की अगुवाई में टी20 वर्ल्ड कप में अपने अभियान का आगाज करेगी। यह रोहित और विराट कोहली का आखिरी टी20 वर्ल्ड कप भी हो सकता है। रोहित अब तक सभी टी20 विश्व कप में भारतीय टीम का हिस्सा रहे हैं जबकि 2012 में इस टूर्नामेंट में पदार्पण करने वाले कोहली छठी बार इसमें शिरकत करेंगे। विराट कोहली ने टूर्नामेंट में 27 मैच में 131.30 के स्ट्राइक रेट और 81.50 के औसत से 1141 रन बनाए हैं। रोहित के नाम 39 मैच में 127.88 के स्ट्राइक रेट से 963 रन दर्ज हैं। रोहित और कोहली ने 2022 टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार के बाद से भारत के लिए कोई टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। बता दें कि इंडियन प्रीमियर लीग टी20 क्रिकेट की सबसे पॉपुलर और सबसे अधिक देखी जाने वाली लीग है। इसके बावजूद भारतीय टीम अंतरराष्ट्रीय स्तर वैसी कामयाबी हासिल नहीं कर पाई है, जैसी उम्मीद की जाती है।



## भारत की दिव्या देशमुख नें जीता शारजाह चैलेंजर शतरंज का खिताब

शारजाह । सातवें शारजाह मास्टर्स शतरंज के चैलेंजर वर्ग का खिताब भारत की 19 वर्षीय महिला शतरंज खिलाड़ी और इंटरनेशनल मास्टर दिव्या देशमुख नें अपने नाम कर लिया है । दिव्या नें पूरे टूर्नामेंट में अपराजित रहते हुए 5 जीत और 4 ड्रॉ के साथ 7 अंक बनाकर खिताब अपने नाम किया , हालांकि अंतिम राउंड के बाद रूस की लेया गारीफुलिना और ईरान के सिना मोवहेद भी 7 अंको पर थे पर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर वह क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे । अंतिम राउंड में दिव्या सफ़ेद मोहरो से गारीफुलिना के खिलाफ केटलन ओपनिंग में एक समय बेहतर स्थिति में थी पर अंतिम समय में वह 50 चालों में खेल को ड्रॉ ही कर पायी । वहीं अन्य भारतीय खिलाड़ियों में आराध्य गर्ग नें अंतिम राउंड में उज्बेकिस्तान के सुयारोव एम को पराजित करते हुए 6.5 अंक बनाकर छठा स्थान हासिल किया जबकि हर्ष सुरेश नें यूएई के अमार सेदरानी को मात देते हुए 6.5 अंको पर ही टाईब्रेक के आधार पर सातवाँ स्थान हासिल किया । वही मास्टर वर्ग का खिताब ईरान के दानेश्वर बर्दिया नें 6.5 अंक बनाकर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर अपने नाम कर लिया , इतने ही अंक बनाकर टाईब्रेक के आधार पर रूस के मुरजिन बोलोदर , यूएसए के सैम शंकलंद और उज्बेक्सितान के वोखिदोव शमसिद्दीन क्रमशः दूसरे से चौंथे स्थान पर रहे ।

# जनवरी-मार्च में आठ प्रमुख शहरों में सस्ते घरों की आपूर्ति 38 प्रतिशत घटी

**- एक साल पहले की समान अवधि में सस्ते घरों की आपूर्ति 53,818 इकाई थी**

**नई दिल्ली ।**

रियल एस्टेट के आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली एक कंपनी की रिपोर्ट के मुतो बिक इस साल जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान आठ प्रमुख शहरों में 60 लाख रुपये तक कीमत वाले सस्ते घरों की नई आपूर्ति 38 प्रतिशत घटकर 33,420 इकाई रह गई है। इसकी वजह यह बताई गई है` कि बिल्डर लक्जरी फ्लैट बनाने पर ध्यान दे रहे हैं। रियल एस्टेट के आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली कंपनी की` रिपोर्ट में बताया गया है कि सस्ते घरों की आपूर्ति घटने की वजह जमीन और निर्माण की लागत बढ़ना है। इससे सस्ते घरों का निर्माण बहुत लाभ का सौदा नहीं रह गया है। आंकड़ों के अनुसार देश के शीर्ष आठ शहरों में जनवरी-मार्च, 2024 के दौरान 60 लाख रुपये तक कीमत के घरों की नई आपूर्ति 33,420 इकाई रही, जो एक साल पहले की समान अवधि में 53,818 इकाई थी। ये आठ शहर हैं- दिल्ली-एनसीआर, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, कोलकाता, पुणे और अहमदाबाद। आंकड़ों से पता चलता है कि 2023 के` वित्त वर्ष के दौरान इस मूल्य श्रेणी में नई आपूर्ति में 20 प्रतिशत की गिरावट आई और गिरावट का रुझान इस साल की पहली तिमाही में भी जारी रहा। रिपोर्ट के अनुसार देश के शीर्ष आठ शहरों में पेश की गई सस्ती आवासीय इकाइयों की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट आ रही है। 2023 में 60 लाख रुपये से कम कीमत के सिर्फ 1,79,103 घर पेश किए गए। यह 2022 के आंकड़े 2,24,141 इकाई से 20 प्रतिशत कम है। कंपनी के एक अे धिकारी ने कहा कि यह प्रवृत्ति 2024 में भी जारी रहने की उम्मीद है। इस गिरावट के कई कारण हैं। रियल एस्टेट की बढ़ती कीमतें और बढ़ती निर्माण लागत की वजह से सस्ती आवासीय परियोजनाएं रियल एस्टेट कंपनियों के लिए बहुत लाभ का सौदा नहीं रह गई हैं।



उन्होंने कहा कि इसके अलावा महामारी के बाद अब लोग बड़े घर चाहते हैं। इन पर उन्हें ऊंचा मार्जिन भी मिलता है। इस रुख पर चिंता जताते हुए क्रेडाई एनसीआर, भिवाड़ी-नीमराणा के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि निम्न और मध्यम आय वर्ग के लोगों के घर के सपने को पूरा करने के लिए सस्ते घरों के निर्माण को प्राथमिकता देने की जरूरत है।

# बीते सप्ताह सभी तेल-तिलहन के भाव मजबूती पर बंद हुए

**- सोयाबीन डीगम तेल का दाम बढ़कर 1,035-1,040 डॉलर प्रति टन हुआ**

**नई दिल्ली ।**

खाद्य तेल सोयाबीन डीगम के दाम में मजबूती के बाद बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सभी खाद्य तेल-तिलहन के दाम मजबूत बंद हुए। डीगम तेल में आई इस तेजी के कारण सरसों, मूंगफली, सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम भी मजबूत बंद हुए। बाजार के जानकार कहते हैं कि देश में सॉफ्ट ऑयल के रूप से सबसे अधिक आयात सोयाबीन डीगम का किया जाता है। बीते सप्ताह इससे पिछले सप्ताहांत के मुकाबले सोयाबीन डीगम तेल का दाम पहले के 990-995 डॉलर प्रति टन से बढ़कर समीक्षाधीन सप्ताह में 1,035-1,040 डॉलर प्रति टन हो गया। इसका असर सभी तेल-तिलहनों पर दिखा और उनके दाम मजबूत हो गये। सूत्रों ने कहा कि बीते सप्ताह सरसों तेल-तिलहन के दाम मजबूती के साथ बंद हुए। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 125 रुपये के सुधार के साथ 6,000-6,050 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का भाव 600 रुपये बढ़कर 11,600 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 80-80 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 1,880-1,980 रुपये और 1,880-1,995 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और लूज का भाव भी क्रमशः 10-10 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 4,850-4,870 रुपये प्रति क्विंटल और 4,650-4,770 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसी तरह सोयाबीन दिल्ली, सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम तेल का भाव क्रमशः 175 रुपये, 175 रुपये और 300 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 10,275 रुपये और 10,125 रुपये और 8,750 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

# इनकम टैक्स से मिला नोटिस कहीं फेक तो नहीं, तुरंत जांच करें

**जब भी कोई नोटिस मिले तब जरूरी है कि नोटिस की सत्यता की जांच कर लें**

**नई दिल्ली ।** आजकल इनकम टैक्स नोटिस को लेकर खूब फर्जीवाड़ा हो रहा है। स्क्रूटिनी सर्वे टैक्स डिमांड से जैसे नाम पर नोटिस भेज कर लोगों के साथ ठगी की जा रही है और लाखों रुपये ऐंठा जा रहा है। कुछ लोगों के पास ऐसे मेल आए जिसमें ये दावा किया गया था कि इनकम टैक्स डिपॉर्टमेंट ने उन्हें एक नोटिस भेजा है, जिसमें उन्हें अपने टैक्स का भुगतान जल्द से जल्द करने के लिए कहा गया था, वरना उन्हें जुर्माना भरना पड़ेगा और इसके साथ में एक पेमेंट लिंक भी शेयर किया गया था, ताकि लोग घबराकर जल्द से जल्द स्कैमर्स को पैसे भेज दें। इस कारण अब आपको यह जान लेना चाहिए कि इनकम टैक्स का नोटिस जो आपके पास आया है, क्या उसे वाकई आयकर विभाग ने भेजा है या कोई साइबर फ्रॉड का हिस्सा है? इसके लिए जरूरी है कि नोटिस की सत्यता की जांच कर लें। इनकम टैक्स डिपॉर्टमेंट ने भी इस संदर्भ में गाइडलाइन जारी किया है। साथ ही लोगों को भी आगाह रहने की जरूरत है। जब भी उन्हें कोई भी नोटिस मिले तब उसे पूरे ध्यान जांच करनी चाहिए। डीआईएन नंबर जितने कंप्यूटर जेनरेटेड दस्तावेज होते हैं, उन पर एक विशिष्ट संख्या होती है जिसे डीआईएन नंबर कहते हैं। यह 1 अक्टूबर 2019 से लागू है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने 14 अगस्त 2019 को एक सर्कुलर जारी किया था, जिसका उद्देश्य आयकर विभाग के दस्तावेज में ट्रांसपेरेंसी लाना था। यह नंबर इनकम टैक्स के पोर्टल पर भी नजर आएगा। आप पोर्टल पर भी भेजे गए नोटिस की जांच कर सकते हैं। वहीं आपको एट द रेटइनकमटैक्सडाटजीओवीडॉटइन डॉमेन भी देखना चाहिए। कुछ मामलों में इनकम टैक्स डिपॉर्टमेंट के अधिकारी सेक्शन 131 और 133 के तहत नोटिस जारी करते हैं। आईटी डिपॉर्टमेंट की ओर से भेजे गए टैक्स नोटिस में किसी भी तरह का पेमेंट लिंक नहीं दिया जाता है और आईटी डिपॉर्टमेंट के डोमेन से सेंड किया जाता है। पोर्टल पर फेक नोटिस की जांच करने के लिए सबसे पहले इनकम टैक्स डिपॉर्टमेंट के ई फाइलिंग पोर्टल पर जाएं और अथेंटिफिकेशन नोटिस/ऑर्डर इश्यू बाई आईटीडी बटन पर टैब करें। नए विंडो पर आपको डीआईएन या पैन नंबर एंटर करना होगा।

# जनवरी-मार्च तिमाही में 6.1-6.7 फीसदी रहेगी आर्थिक वृद्धि दरः अर्थशास्त्री

**नई दिल्ली ।**




बीते वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी जनवरी-मार्च तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.1 से 6.7 प्रतिशत के बीच रहने की उम्मीद है। यह इससे पिछली तिमाहियों में दर्ज आठ प्रतिशत की वृद्धि दर से कम है। विभिन्न अर्थशास्त्रियों ने यह अनुमान लगाया है। सरकार चौथी तिमाही के जीडीपी आंकड़े और पूरे वित्त वर्ष के लिए अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर का अनुमान 31 मई को जारी करेगी। अर्थशास्त्रियों के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 में वृद्धि दर 7.6-7.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। भारतीय अर्थव्यवस्था 2023-24 की जून तिमाही में 8.2 प्रतिशत, सितंबर तिमाही में 8.1 प्रतिशत और दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी है ।कोटक महिंद्रा एक अर्थशास्त्री ने कहा कि मुख्य आंकड़े व्यापक रूप से मजबूत वृद्धि का संकेत देते हैं। उन्होंने कहा` कि विनिर्माण गतिविधियां भी अच्छी रही हैं, और निर्माण से जुड़े और निवेश क्षेत्रों का प्रदर्शन भी बेहतर रहना चाहिए। हालांकि, कृषि क्षेत्र की वृद्धि धीमी पड़ सकती है। हमारा अनुमान है कि चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रहेगी और पूरे वित्त वर्ष के लिए यह आंकड़ा 7.6 प्रतिशत के करीब रहेगा। 31 मई, 2023 को जारी अनुमान के अनुसार वित्त वर्ष 2022-23 की मार्च तिमाही में भारत की जीडीपी दर 6.1 प्रतिशत रही थी। पूरे वित्त वर्ष 2022-23 के लिए यह आंकड़ा सात प्रतिशत था। हालांकि, चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में निर्यात वृद्धि प्रभावित हो सकती है। फिलहाल, निर्यात काफी अच्छा बना हुआ है। हमने निर्यात पर मांग में किसी भी वैश्विक व्यवधान का बहुत अधिक प्रभाव देखने को नहीं मिला है। हालांकि, आगे चलकर इसका कुछ प्रभाव दिखने की उम्मीद है। यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां वृद्धि को झटका लगने की आशंका है।

# सेंसेक्स की 10 प्रमुख कंपनियों में से नौ का मार्केट कैप 1.85 लाख करोड़ बढ़ा

**- सबसे अधिक लाभ में आरआईएल और एचडीएफसी रहीं**

**नई दिल्ली ।**

बीते सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1,85,320.49 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है। सबसे अधिक लाभ रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक को हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सिर्फ आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 61,398.65 करोड़ रुपये बढ़कर 20,02,509.35 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक ने सप्ताह के दौरान 38,966.07 करोड़ रुपये जोड़े और इसका बाजार मूल्यांकन 11,53,129.36 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत 35,135.36 करोड़ रुपये बढ़कर 6,51,348.26 करोड़ रुपये हो गई। भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 22,921.42 करोड़ रुपये बढ़कर 7,87,838.71 करोड़ रुपये पर और हिंदुस्तान यूनिलीवर का 9,985.76 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 5,56,829.63 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 8,821.99 करोड़ रुपये बढ़कर 6,08,198.38 करोड़ रुपये रही। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मूल्यांकन 6,916.57 करोड़ रुपये बढ़कर 7,39,493.34 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक ने सप्ताह के दौरान 903.31 करोड़ रुपये जोड़े, जिससे इसका मूल्यांकन 7,95,307.82 करोड़ रुपये हो गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मूल्यांकन 271.36 करोड़ रुपये बढ़कर 13,93,235.05 करोड़ रुपये हो गया। इस रुख के उलट आईटीसी का बाजार मूल्यांकन 436.97 करोड़ रुपये घटकर 5,44,458.70 करोड़ रुपये रह गया। प्रमुख 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही। इसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, एसबीआई, एलआईसी, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।

## अदाणी पोर्ट कंपनी होगी अगले महीने से सेंसेक्स में शामिल

**मुंबई ।** अगले महीने 24 जून को अदाणी ग्रुप की पोर्ट कंपनी अदाणी पोर्ट एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एसईजेड) बीएसई के मुख्य बेंचमार्क सेंसेक्स में शामिल हो जाएगी। यह कंपनी बीएसई के बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स में विप्रो की जगह लेगी। एशिया इंडेक्स प्राइवेट की ओर से इंडेक्स में बदलाव के नतीजे जारी किए गए। इसमें बताया गया कि 24 जून को अदाणी पोर्ट सेंसेक्स में विप्रो की जगह लेगा। इस हफ्ते बाजार में आई एक रिपोर्ट में बताया गया था कि अदाणी एंटरप्राइजेज, विप्रो की जगह सेंसेक्स में ले सकता है। कारोबारी सत्र में भी अदाणी ग्रुप के शेयरों में जबरदस्त एक्शन देखने को मिला। अदाणी टोटल गैस 2.5 प्रतिशत बढ़कर, अदाणी ग्रीन एनर्जी और अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस करीब 0.50 प्रतिशत बढ़कर बंद हुआ। हालांकि, अदाणी एंटरप्राइजेज करीब सपाट बंद हुआ है। भारतीय बाजार में शुक्रवार के सत्र में सीमित दायरे में कारोबार देखने को मिला। सेंसेक्स 7 अंक और निफ्टी 10 अंक की गिरावट के साथ क्रमशः 75,410 अंक और 22,957 अंक पर बंद हुआ। अदाणी पोर्ट की सेंसेक्स में एंट्री ने बाजार को आश्चर्यचकित किया है!




## भारत में जेएलआर को उद्योग अधिक तेजी से बढ़ने की उम्मीद

**नई दिल्ली ।** टाटा मोटर्स के स्वामित्व वाली जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) को चालू वित्त वर्ष में लक्जरी कार बाजार की कुल वृद्धि की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ने की उम्मीद है। जेएलआर के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि कंपनी स्थानीयकरण को बढ़ा रही है और साथ ही अपने उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार कर रही है। इससे उसे अपनी बिक्री में वृद्धि उद्योग से तेज रहने की उम्मीद है। कंपनी भारत में रेंज रोवर और रेंज रोवर स्पोर्ट की स्थानीय असेंबली शुरू करने के लिए तैयार है। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी की बिक्री इससे पिछले साल की तुलना में 81 प्रतिशत बढ़कर 4,436 इकाई रही है। कंपनी का इरादा अगले तीन साल में भारत में अपने कारोबार को दोगुना करने का है। उन्होंने कहा` कि पिछले वित्त वर्ष में लक्जरी कार खंड 20 से 25 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। अगले कुछ साल में भी यही वृद्धि दर रहने की उम्मीद है। हमें उम्मीद है कि हम इससे अधिक वृद्धि हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि अगले पांच साल में देश का लक्जरी कार खंड दोगुना हो जाएगा। अभी यह 48,000 इकाई सालाना का है।

## जून में बैंकों में रहेगा 10 दिन का अवकाश

**नई दिल्ली ।** बैंकों में जून में कई दिन छुट्टियां रहने वाली हैं। यहां बैंकों में छुट्टियों की पूरी लिस्ट दी जा रही है, जिससे आपको किसी तरह की कोई समस्या न हो। हर हफ्ते के रविवार को और महीने के दूसरे व चौथे शनिवार को बैंकों की छुट्टी रहती है। अगले महीने यानी जून में बैंकों में कुल 10 दिन छुट्टी रहने वाली है। इन तारीखों पर बंद रहेंगे बैंक- 2 जून को रविवार, 8 जून को दूसरे शनिवार, 9 जून को रविवार को देश भर में बैंक बंद रहेंगे। वहीं 15 जून को राजा संक्रांति के चलते भुवनेश्वर और आइजॉल जोन में बैंक बंद रहेंगे। 16 जून को रविवार के बैंकों का साप्ताहिक अवकाश रहेगा, 17 जून को बकरीद के चलते बैंक बंद रहेंगे। 18 जून को जम्मू और श्रीनगर जोन में बैंक बंद रहेंगे। 22 जून को चौथे शनिवार के चलते बैंकों का अवकाश रहेगा। 23 जून को रविवार के चलते बैंकों का साप्ताहिक अवकाश रहेगा और 30 जून को रविवार के चलते बैंक बंद रहेंगे। आप बैंक बंद के दौरान बैंक से जुड़े हुए कई सारे काम आप मोबाइल या नेट बैंकिंग के जरिए भी कर सकते हैं। बैंक बंद रहने के दौरान सभी ऑनलाइन सुविधाएं चालू रहने वाली हैं।

## एफपीआई ने मई में अब तक शेयरों से निकाले 22,000 करोड़

**- अप्रैल में शेयरों से 8,700 करोड़ रुपये से अधिक निकाले थे**

**नई दिल्ली ।** लोकसभा चुनाव के परिणामों को लेकर अनिश्चितता और चीन के बाजारों के बेहतर प्रदर्शन से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अब तक भारतीय शेयरों से 22,000 करोड़ रुपये की भारी निकासी की है। इससे पहले मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल में निरंतर वृद्धि को लेकर चिंता के बीच एफपीआई ने अप्रैल में शेयरों से 8,700 करोड़ रुपये से अधिक निकाले थे। वहीं एफपीआई ने मार्च में शेयरों में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। आगे चलकर जैसे-जैसे चुनाव के मोर्चे पर चीजें स्पष्ट होंगी, एफपीआई की भारतीय बाजार में लिवाली बढ़ेगी। बाजार के जानकारों का कहना है कि एफपीआई की लिवाली का सिलसिला चुनावी नतीजों से पहले भी शुरू हो सकता है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने 24 मई तक शेयरों से शुद्ध रूप से 22,047 करोड़ रुपये निकाले हैं। उन्होंने कहा कि एफपीआई की भारी बिकवाली की वजह चीन के शेयर बाजार का बेहतर प्रदर्शन है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा भारत में आम चुनाव की वजह से भी एफपीआई बिकवाली कर रहे है।। आम चुनाव के नतीजों को लेकर अनिश्चितता के बीच विदेशी निवेशक इस समय भारतीय शेयर बाजारों में उतरने से कतरा रहे हैं। वे इसके लिए चुनावी नतीजों का इंतजार कर रहे हैं। समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने ऋण या बॉन्ड बाजार में 2,009 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे पहले एफपीआई ने मार्च में बॉन्ड बाजार 13,602 करोड़ रुपये, फरवरी में 22,419 करोड़ रुपये और जनवरी में 19,836 करोड़ रुपये का निवेश किया था।

# वैश्विक रुख और कंपनियों के तिमाही परिणाम तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

**- कच्चे तेल के दाम और रुपये के उतार-चढ़ाव पर भी निवेशकों की नजर रहेगी**

**नई दिल्ली**

चुनाव और तिमाही पे रिणामों का सीजन अब समाप्ति की ओर है, ऐसे में इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में कुछ मजबूती देखने को मिल सकती है। हालांकि, इसके साथ ही बाजार में कुछ उतार-चढ़ाव भी देखने को मिलेगा। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों का कहना है कि वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां भी बाजार की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेंगी। पिछले सप्ताह बाजार में रिकॉर्ड तेजी देखने को मिली थी। विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक स्तर पर ब्रेंट कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपये के उतार-चढ़ाव पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। गुरुवार को मासिक डेरिवेटिव अनुबंधों का निपटान है। इससे भी बाजार में उतार-चढ़ाव आ सकता है। बाजार के जानकारों ने कहा कि चौथी तिमाही के नतीजे अब समाप्ति की ओर हैं। इस सप्ताह टाटा स्टील सहित कई कंपनियां अपने तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी। कंपनियों के बेहतर नतीजों से बाजार की रफ्तार को कायम रखने में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा चार जून को होगी। चुनावी नतीजों से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के प्रवाह को बल मिल सकता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक मोर्चे पर जापान और अमेरिका के आगामी आर्थिक आंकड़ों के साथ-साथ वैश्विक मुद्रा बाजार में हलचल भी बाजार की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेगी।




इस सप्ताह बाजार की नजर आम चुनाव, वैश्विक रुझान और कंपनियों के तिमाही नतीजों पर रहेगी। सप्ताह के दौरान एलआईसी, एनएमडीसी, आईआरसीटीसी और एमएमटीसी अपने मार्च तिमाही के नतीजों की घोषणा करेंगी। कुल मिलाकर बाजार के जानकारों को उम्मीद है कि बाजार में धीरे-धीरे तेजी आएगी। मार्च तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के आंकड़े शुक्रवार को जारी किए जाएंगे। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,404.45 अंक के लाभ में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 455.1 अंक चढ़ गया। सेंसेक्स शुक्रवार को 75,636.50 अंक के अपने दिन में कारोबार के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा। निफ्टी ने उसी दिन पहली बार 23,000 अंक का आंकड़ा पार किया। दिन में कारोबार के दौरान यह 23,026.40 के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर तक गया।

# निदेशकों को नियुक्त करने में विफल रहने पर तेल व गैस कंपनियों पर जुर्माना

***- सार्वज निक क्षेत्र की तेल व गैस कंप नियों पर कुल मिलाकर 34 लाख का जुर्माना लगाया गया***


**नई दिल्ली ।** इंडियन ऑयल, ओएनजीसी और गेल (इंडिया) लिमिटेड सहित सार्वजनिक क्षेत्र की कई तेल एवं गैस कंपनियों पर निदेशक मंडल में निदेशकों की नियुक्ति में विफल रहने पर जुर्माना लगाया गया है। शेयर बाजारों ने इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल), ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी), ऑयल इंडिया लि. त(ओआईएल) और मेंगलूर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स (एमआरपीएल) पर कुल मिलाकर 34 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। शेयर बाजारों से यह जानकारी मिली है। इन कंपनियों ने अलग से दी सूचना में बीएसई और एनएसई द्वारा उन पर लगाए गए जुर्माने की जानकारी दी है। यह जुर्माना इन पर 31 मार्च, 2024 तक अपने निदेशक मंडल में जरूरी संख्या में स्वतंत्र निदेशकों या महिला निदेशकों की नियुक्ति नहीं करने के लिए लगाया गया है। हालांकि, इन कंपनियों ने स्पष्ट किया है कि निदेशकों की नियुक्ति सरकार द्वारा की जाती है और इसमें उनकी कोई भूमिका नहीं है। इन कंपनियों पर पिछली तीन तिमाहियों में भी इसी कारण से जुर्माना लगाया गया था। आईओसी, एचपीसीएल, बीपीसीएल, गेल, ओआईएल और एमआरपीएल ने अलग-अलग भेजी सूचना में कहा है कि उन पर 5,36,900 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। ओएनजीसी पर 1,82,900 रुपये का जुर्माना लगा है। सूचीबद्धता मानदंडों के अनुसार कंपनियों के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों की संख्या भी कार्यकारी निदेशकों के अनुपात में होनी चाहिए। इसके अलावा उनके बोर्ड में कम से कम एक महिला निदेशक होनी चाहिए। ओएनजीसी ने कहा कि उसके बोर्ड में एक स्वतंत्र निदेशक की कमी कारण उस पर जुर्माना लगाया गया है। आईओसी ने कहा` कि निदेशकों की नियुक्त करने का अधिकार भारत सरकार के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के पास है। ऐसे में निदेशक मंडल में महिला निदेशक या स्वतंत्र निदेशक की नियुक्ति सरकार को करनी होती है। वह इस चूक के लिए जिम्मेदार नहीं है और उस पर से जुर्माना हटाया जाना चाहिए। अन्य कंपनियों ने भी कुछ इसी तरह की दलीलें दी हैं।

## देश के कई राज्यों में बढ़े पेट्रोल-डीजल के भाव


**- ब्रेंट क्रूड 82.12 डॉलर प्रति बैरल**

नई दिल्ली । वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में रविवार को कोई बदलाव नहीं हुआ है। रविवार डब्ल्यूटीआई क्रूड 77.72 डॉलर प्रति बैरल पर बिक रहा है। वहीं ब्रेंट क्रूड 82.12 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। देश में तेल मार्केटिंग कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के ताजा भाव जारी कर दिए हैं। महाराष्ट्र में पेट्रोल और डीजल 28 पैसे महंगा हो गया है। पंजाब में पेट्रोल 21 पैसे और डीजल 24 पैसे महंगा हो गया है। इसके अलावा राजस्थान, झारखण्ड और हिमाचल प्रदेश में भी पेट्रोल-डीजल महंगा हो गया है। दूसरी ओर उत्तर प्रदेश में पेट्रोल 23 और डीजल 27 पैसे सस्ता हो गया है। पश्चिम बंगाल में पेट्रोल की कीमत में 54 पैसे और डीजल में 51 पैसे की गिरावट है। कर्नाटक, केरल, तेलंगाना और ओडिशा में भी पेट्रोल की कीमत में हल्की गिरावट है। दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.88 रुपये और डीजल 92.47 रुपये प्रति लीटर है। नोएडा में पेट्रोल 94.66 रुपये और डीजल 87.76 रुपये प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 94.65 रुपये और डीजल 87.75 रुपये प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 94.66 रुपये और डीजल 87.78 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 105.70 रुपये और डीजल 92.53 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपये और डीजल 79.74 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

## ऑफिस स्पेस सॉल्यूशन के आईपीओ को मिल रहा जोरदार रिस्पॉन्स




**नई दिल्ली ।** ऑफिस स्पेस सॉल्यूशन के आईपीओ को जोरदार रिस्पॉन्स मिल रहा है। आईपीओ को अब तक 11 गुना से ज्यादा सब्सक्राइब किया जा चुका है। 22 मई को बोली लगाने के लिए खुले आईपीओ में 27 मई तक निवेश किया जा सकता है। ऑफिस स्पेस का जीएमपी अभी 108 रुपये पर है। जीएमपी यानी ग्रे मार्केट प्रीमियम से मोटे तौर पर शेयरों की लिस्टिंग कितनी मजबूत या कमजोर होगी, इसका अंदाजा लग जाता है। अगर जीएमपी पॉजिटिव है तो शेयरों की लिस्टिंग बेहतर होने की उम्मीद रहती है। वहीं नेगेटिव जीएमपी इसका उलटा होता है। 108 रुपये के जीएमपी का मतलब है कि जिस कीमत पर लोग बोली लगा रहे हैं उसमें 108 रुपये और जुड़कर इस शेयर का बाजार में डेब्यू होगा। आईपीओ का प्राइस बैंड 364 रुपये से 383 है। अगर अपर प्राइस बैंड के ऊपरी हिस्से में जीएमपी को जोड़कर देखा जाए तो इस शेयर के 491 रुपये पर लिस्ट होने की उम्मीद है। हालांकि, जीएमपी किसी शेयर की लिस्टिंग कैसी रहेगी इसे बताने के लिए कोई औपचारिक तरीका नहीं है। यह बाजार के हितधारकों द्वारा लगाए जा रहे कयासों पर आधारित होता है। इसलिए किसी आईपीओ में निवेश करने के लिए केवल जीएमपी को आधार नहीं बनाना चाहिए।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी,** आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in